दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 151 | टोंक | शनिवार,25 जनवरी, 2025 | माष, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


**मौसम** जयपुर

| 23.0° | 8.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,190.46 -329.92 (0.43%) |
| निफ्टी | 23,092.20 -113.15 (0.49%) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 83,140 /10g |
| चांदी | 97,500 /Kg |

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में बनेंगी 8 नई जिला-परिषदें, सीएम ने दी मंजूरी

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में गहलोत राज के जिले खत्म करने बाद 8 नए जिलों के हिसाब से सरकार ने प्रशासनिक ढांचे को नए सिरे से तैयार करना शुरू कर दिया है। 8 नए जिलों में जिला परिषदों का गठन होगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने नए बने 8 जिलों में जिला परिषद बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 8 नए जिलों बालोतरा, डीडवाना, फलौदी, सलूंबर, खैरथल-तिजारा, डीग, कोटपूतली-बहरोड और ब्यावर में नई जिला परिषद बनेंगी।

**अप्रैल तक होगा काम पूरा**

8 नए जिलों और 12 प्रभावित जिलों के कलक्टर पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन और पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। कलेक्टरों के इन प्रस्तावों को सार्वजनिक करने के बाद एक माह में आपत्तियां मांगी जाएंगी, जिनके निस्तारण के बाद प्रस्तावों को राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

**बढ़ता TOON!**




# कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं : उपराष्ट्रपति

## उपराष्ट्रपति ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी की 101 वीं जन्म जयंती कार्यक्रम में शिरकत की

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली। ( एजेंसी )** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा थे और उन्होंने आरक्षण लागू कर एक बड़ी आबादी के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोले। समस्तीपुर बिहार में कर्पूरी ठाकुर जी की 101 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा, भारत के ये महान सपूत कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं। संक्षिप्त काल में कर्पूरी ठाकुर जी ने सामाजिक व राजनीतिक कायाकल्प का नया इतिहास लिखा ...... सदियों की जड़ता को तोड़ दिया और बड़ी आबादी के लिए संभावनाओं के अपार द्वार खोल दिये। यह वह महापुरुष हैं जिन्होंने समता युग की नई शुरुआत की। उन्होंने अपना जीवन उनके लिए समर्पित किया जो समाज के हाशिये पर थे, जिनका कोई ध्यान नहीं दे रहा था। कर्पूरी जी के आदर्श व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए, उपराष्ट्रपति ने आगे कहा आदर्श व्यक्तित्व का उदाहरण क्या होता है यह जानने के लिए हमें कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन को देख लेना चाहिए। उनका त्याग, उनका समर्पण, परिवारवाद को उन्होंने कभी बढ़ावा नहीं दिया।वह एक ऐसे राष्ट्रीय नेता थे, जाती धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर समानता को दृष्टिगत रखते हुए, विकास को संपन्न करते थे....... भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी ने एक अति विशिष्ट छाप देश में सामाजिक न्याय को आगे बढ़ा कर छोड़ी , कठिन और चुनौतीपूर्ण वातावरण में उन्होंने कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की ...... अपने जीवन में जिस व्यक्ति ने कभी कोई संपत्ति नहीं बनाई, पूरा जीवन जनता के लिए समर्पित रहा।

कर्पूरी जी की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा, कर्पूरी जी स्टेट्समैन थे ! वर्तमान में काम करने के साथ-साथ भविष्य का भी चिंतन करते थे। उन्होंने आरक्षण लागू किया।



# महाराष्ट्र में सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका, 8 मौतें

## 7 गंभीर घायल; 5 का रेस्क्यू, 13-14 लोग अब भी फंसे

बढ़ता राजस्थान

**भंडारा ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, 7 गंभीर घायल हैं। भंडारा कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से फैक्ट्री की छत गिर गई, जिसमें 13 से 14 लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी (लॉन्ग टर्म प्लानिंग) सेक्शन में हुआ। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने भी हादसे में गिरी छत के नीचे 13-14 लोगों के फंसे होने की जानकारी दी। आरडीएक्स बनाने वाली ब्रांच में हुआ धमाका जवाहरनगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की आरकेआर की ब्रांच सेक्शन में यह ब्लास्ट हुआ है। यहां आरडीएक्स बनाने के लिए किया जाता है। इसी में यह विस्फोट हुआ। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जिस इमारत में विस्फोट हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने हादसे को मोदी सरकार की विफलता बताया है। टेस्टिंग फैसिलिटीज और लेबोरेटरीज भी भंडारा की इस फैक्ट्री में सेना के लिए एसिड से लेकर कई तरह के विस्फोटक बनाए जाते हैं। यहां टेस्टिंग फैसिलिटीज और अत्याधुनिक लेबोरेटरीज भी हैं। छोटे हथियारों में इस्तेमाल होने वाला विस्फोटक स्पेरिकल पाउडर भी यहीं बनाया जाता है। इस पाउडर का इस्तेमाल पहली बार दूसरे विश्व युद्ध में किया गया था।

### 2024 में भी ऐसी ही घटना हुई थी

जनवरी 2024 में भी भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सीएक्स डिपार्टमेंट में विस्फोट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उससे पहले भंडारा के पास सनफ्लैग कंपनी में विस्फोट हुआ था, जिसमें तीन कर्मचारी झुलस गए थे। आज की घटना इस साल की पहली ऐसी घटना है।

# मौसम : बारिश से 6 डिग्री गिरा तापमान, तेज सर्दी का अलर्ट

## जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में चली ठंडी हवा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार हुई बारिश के बाद सर्दी बढ़ गई। जयपुर, सीकर, चूरू समेत उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में गुरुवार दोपहर से सर्द हवा चलने लगी। इससे राज्य के कई शहरों का दिन का अधिकतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में 26 जनवरी तक तापमान में गिरावट होने और सर्दी तेज होने की संभावना जताई है। इस बीच राज्य में मौसम साफ रहेगा और दिन में धूप भी रहेगी। गुरुवार दोपहर बाद राज्य में उत्तर से आने वाली सर्द हवा चलनी शुरू हो गई। इससे करौली, बारां, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा में दिन का अधिकतम तापमान 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं समेत उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में देर शाम तेज सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ गई। जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस, अजमेर में 24.5, कोटा में 23.1 डिग्री रहा। वहीं, बाड़मेर में 26.7, उदयपुर में 24.8, जोधपुर में 25.2 और बीकानेर में 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कल दिन में सबसे अधिक तापमान डूंगरपुर में 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# महाकुंभ पहुंचे सुरेश रैना, कहा-आलीशान आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ का आज 12वां दिन है। अब तक रिकॉर्ड 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। आज से महाकुंभ में बाहरी गाड़ियों की एंट्री बैन कर दी गई है। शाम को पहली बार ड्रोन शो का आयोजन होगा। डिप्टी सीएम केशव मौर्य भी आज महाकुंभ में रहेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे है।







## सम्पादकीय

# हादसों की पटरी पर दौड़ती भारतीय रेल, दावों की चकाचौंध में सुरक्षा बनी बड़ी चुनौती?

भारतीय रेल से सफर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता से लैस बनाने के दावों और वादों के बीच हकीकत यह है कि आए दिन हादसे सामने आते रहते हैं। हर दुर्घटना के बाद जांच, राहत और मुआवजे की घोषणा की बात कुछ समय बाद आई-गई हो जाती है और फिर कुछ दिन बाद कोई नई दुर्घटना की खबर आ जाती है। आखिर यह कब सुनिश्चित होगा कि यात्रियों के लिए रेल से सफर करना सुगम और सुरक्षित है? गौरतलब है कि महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार को पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने के शोर के बाद यात्रियों के बीच ऐसी बदहवासी फैली कि जान बचाने की कोशिश में कई लोग उस ट्रेन से बाहर कूद गए और घबराहट में पटरी पर इधर-उधर भागने लगे। इस बीच बगल की पटरी पर तेज रफ्तार से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आकर तेरह लोगों की जान चली गई। इससे संबंधित जो ब्योरे सामने आ सके हैं, उसके मुताबिक यह घटना किसी व्यक्ति के अफवाह उड़ाने से मची घबराहट का नतीजा है, लेकिन इतना साफ है कि अचानक उपजी अव्यवस्था से निपटने के लिए भारतीय रेल के पास शायद कोई तंत्र नहीं है। यह विडंबना ही है कि कभी किसी तकनीकी गड़बड़ी तो कभी किसी कर्मचारी की लापरवाही या फिर चूक की वजह से ट्रेन हादसे और उनमें जानमाल के नुकसान का एक सिलसिला-सा बन गया है। इसके अलावा, अब किसी अफवाह की वजह से भी ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि उसमें बेहद तकलीफदेह तरीके से उन लोगों की जान चली जा सकती है, जिन्होंने अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए ट्रेन से सफर करना चुना होगा। वजहें अलग-अलग हो सकती हैं, मगर आए दिन होने वाले ऐसे हादसे यह बताते हैं कि ट्रेनों से यात्रा करना किस तरह असुरक्षित हो गया है। अगर ताजा हादसे का कारण आग लगने की अफवाह है, तो भी चलती ट्रेन में अचानक उपजी स्थिति से निपटने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए आखिर रेलवे के पास कौन-सा तंत्र है? ताजा घटना से यही साफ हुआ है कि अगर किसी अफवाह से स्थिति बिगड़ी तो उस पर तुरंत प्रतिक्रिया देने वाली रेलवे की कोई टीम नहीं थी। कहने को हर स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही जाती है, लेकिन किसी हादसे के बाद रेल महकमे का यह आश्वासन एक तरह से उन दावों को आईना दिखाता है। पिछले कुछ समय से ट्रेन हादसों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। अफसोसनाक यह है कि हादसों के सिलसिले के बावजूद इसकी जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता। एक वक्त था जब एक रेल दुर्घटना के बाद रेलमंत्री ने इस्तीफा दे दिया था। मगर आज नैतिकता की कसौटी पर इस तरह का उदाहरण मिलना मुश्किल हो गया है कि बड़े ट्रेन हादसों के बाद भी महकमे के संबंधित अधिकारी या मंत्री किसी भी रूप में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें। दुर्घटना के बाद औपचारिकता पूरी करने के लिए जांच की घोषणाओं के नतीजे क्या आते हैं और उसके बाद कार्रवाई क्या होती है, इसके बारे में आम लोगों को शायद ही कभी पता चल पाता है। रेल महकमे में खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों को लेकर कोई संजीदगी नहीं दिखती। इसके समांतर ट्रेनों के सफर को ज्यादा से ज्यादा सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के नाम पर यात्रियों से किस-किस मद में टिकट के तौर पर पैसे वसूले जाते हैं, यह छिपा नहीं है। मगर आए दिन होने वाले हादसे यह बताते हैं कि रेल महकमे के भीतर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अपेक्षित चिंता नहीं दिखती है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 25 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्राजील के साओ पाउलो शहर की स्थापना 1554 में हुयी।
- 1565 में हुए तेल्लीकोटा की लड़ाई में विजयनगर साम्राज्य नष्ट हुआ।
- डच गणराज्य की स्थापना 1579 में हुई।
- मॉस्को विश्वविद्यालय की स्थापना 1755 में हुई।
- पौलैंड की संसद ने स्वतंत्रता की घोषणा 1831 में की।
- चिली में 1839 में आये भूकम्प से लगभग 10,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।
- भारतीय ब्रह्म समाज की शुरूआत प्रसिद्ध समाज सुधारक केशव चंद्र सेन ने 1880 में की।
- एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी 1881 में बनायी।
- पेंसिल्वेनिया के चेस्विक में 1904 में हुए कोयला खदान विस्फोट में 179 लोगों की मौत हो गयी।
- फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का 1924 में आयोजन।
- सार के प्रशासन को लेकर 1952 में जर्मनी और फ्राँस के बीच विवाद हुआ।
- पनामा और अमेरिका ने 1955 में नहर संधि पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटेन ने पूर्वी जर्मनी से 1959 में व्यापार समझौता किया।
- उत्तरी विएतनाम और अमेरिका के बीच 1969 में पेरिस में शांति वार्ता प्रारम्भ।
- सन 1971 में हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया।
- शेख मुजीबुर्रहमान 1975 में बांगला देश के राष्ट्रपति बने।
- तीन साल के अंतराल के बाद 1980 में पद्म विभूषण, भारत रत्न, आदि नागरिक सम्मान दोबारा प्रदान किये जाने लगे।
- प्रसिद्ध समाजसेवी मदर टेरेसा को 1980 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- आचार्य विनोबा भावे को 1983 में मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया।
- रामसेवक शंकर ने 1988 में सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- इंग्लैंड में 1990 में आये तूफान से बच्चों समेत लगभग 50 लोगों की जाने गयी।
- तुर्की का प्रथम दूरसंचार उपग्रह 'तुर्कसैट प्रथम' 1994 में अटलांटिक महासागर में गिरा।
- दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में 1999 में आये भूकंप से करीब 300 लोगों की मौत हो गई और 1000 अन्य घायल हो गये।
- 2002 में भारतीय वायु सेना के पहले 'एयर मार्शल' अर्जुन सिंह बने।
- चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता फेंग जू को 2003 में देश निकाला दिया गया।
- अंतरिक्ष यान ऑपर्च्युनिटी 2004 में मंग्रल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतरा।
- महाराष्ट्र के सातारा स्थित एक देवी के मंदिर में 2005 में भगदड़

## विशेष आलेख

# विकसित भारत 2047 के लिए कृषि सुधारों में व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक



– प्रियंका सौरभ

**विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए, कृषि सुधारों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक है जो कल्याणकारी उपायों को बाजार-संचालित तंत्रों के साथ जोड़ता है। भारत एक ऐसे कृषि क्षेत्र की गारंटी दे सकता है जो समावेशी, लचीला और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ हो, किसानों को सशक्त बनाए और देश के भविष्य की रक्षा करे, इसके लिए प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान अपनाए जाएँ, टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाए और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। 1966 में मैक्सिकन गेहूँ की किस्मों का आयात करके, भारत ने हरित क्रांति की शुरुआत की, जो चावल और गेहूँ के लिए गारंटीकृत एमएसपी पर निर्भर थी। राजनीतिक दबावों के कारण अंततः अधिक फसलों को कवर करने के लिए एमएसपी का विस्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असंतुलन हुआ।**

1965 का एमएसपी व्यवस्था, जिसने मूल्य स्थिरता की गारंटी दी थी, से लेकर आज बाज़ार एकीकरण, स्थिरता और कल्याण की जटिल समस्याओं से निपटने तक भारत के कृषि सुधारों में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। एमएसपी में बदलाव और पीएम-किसान जैसे कार्यक्रमों के बारे में हाल की चर्चाएँ कल्याण और अर्थशास्त्र के बीच संतुलन बनाने के प्रयासों को दर्शाती हैं। फिर भी, विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए टिकाऊ कृषि को आगे बढ़ाना आवश्यक है। चावल और गेहूँ के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके, खाद्यान्न की कमी को कम करने के लिए एमएसपी प्रणाली लागू की गई थी। उदाहरण के लिए, 1966 में मैक्सिकन गेहूँ की किस्मों का आयात करके, भारत ने हरित क्रांति की शुरुआत की, जो चावल और गेहूँ के लिए गारंटीकृत एमएसपी पर निर्भर थी। राजनीतिक दबावों के कारण अंततः अधिक फसलों को कवर करने के लिए एमएसपी का विस्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असंतुलन हुआ। एमएसपी और मुफ्त बिजली ने पंजाब और हरियाणा को चावल पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर किया है, जिससे पर्यावरण को नुक़सान पहुँचा है और भूजल कम हो गया है। विशेष रूप से चावल और गेहूँ के लिए, प्रणाली खुली खरीद में बदल गई, जिसके कारण अक्षमताएँ और अधिशेष सूची बन गई। भारतीय खाद्य निगम के पास चावल का भंडार बफर आवश्यकताओं से लगभग तीन गुना अधिक है, जिससे बर्बादी और भंडारण की समस्याएँ पैदा होती हैं। बिजली, उर्वरक और सिंचाई सब्सिडी की शुरूआत ने किसानों की लागत कम की, लेकिन पर्यावरण को नुक़सान पहुँचाया और मिट्टी को खराब किया। पंजाब में ट्यूबवेल के लिए मुफ़्त बिजली देने से भूजल स्तर में ख़तरनाक गिरावट आई है। प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण और डिजिटल लाभार्थी रिकॉर्ड हाल के सुधारों के दो उदाहरण हैं जो दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण पर ज़ोर देते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि बिचौलियों को ख़त्म करती है और किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता देकर लक्षित लाभ वितरण सुनिश्चित करती है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और भूजल की कमी को कम करने के लिए, किसानों को गेहूँ और चावल जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों से दलहन, तिलहन और बाजरा उगाने के लिए प्रोत्साहित करें। ओडिशा बाजरा मिशन बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करता है, जो पानी की अधिक खपत वाली धान की खेती के उपयोग को कम करते हुए मिट्टी की गुणवत्ता और आय में सुधार करता है। किसानों को उचित मूल्य मिले और विशेष फसलों के अधिक उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए एमएसपी के स्थान पर मूल्य कमी भुगतान योजनाओं का उपयोग किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश में, किसानों को भावांतर भुगतान योजना के माध्यम से बाज़ार मूल्य घाटे के लिए मुआवजा मिलता है, जो बाज़ार की गतिशीलता को बदले बिना आय स्थिरता बनाए रखता है। ड्रिप सिंचाई और जैविक खेती जैसी पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, उर्वरक और बिजली सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना। पीएम-कुसुम कार्यक्रम सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंपों को प्रोत्साहित करता है, जो सरकारी सब्सिडी वाली बिजली और भूजल निष्कर्षण पर निर्भरता को कम करता है। किसानों को फ़सल चयन, मृदा स्वास्थ्य और जल उपयोग के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करें ताकि संसाधनों को संधारणीय तरीके से अधिकतम किया जा सके। तमिलनाडु में कीटनाशकों को छिड़कने के लिए ड्रोन का उपयोग करने से प्रभावशीलता और पर्यावरण सुरक्षा की गारंटी के साथ-साथ बर्बादी कम होती है। कटाई के बाद होने वाले नुक़सान को कम करने और जल्दी खराब होने वाले सामानों के लिए समान मूल्य निर्धारण की गारंटी के लिए प्रभावी कोल्ड स्टोरेज सुविधाएँ और मूल्य श्रृंखलाएँ बनाएँ। मज़बूत आपूर्ति और भंडारण नेटवर्क स्थापित करके, ऑपरेशन ग्रीन्स आलू, टमाटर और प्याज की कीमतों को स्थिर करना चाहता है। समान वितरण सुनिश्चित करने और संसाधनों की बर्बादी को कम करने के लिए, किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को इनपुट सब्सिडी की जगह लेनी चाहिए। उर्वरक वितरण में डीबीटी डायवर्जन को रोककर यह गारंटी देता है कि सब्सिडी योग्य किसानों को प्रभावी ढंग से वितरित की जाती है। उत्पादकता बढ़ाने वाले तरीकों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए छोटे किसानों और बटाईदारों को खुली, विनियमित भूमि पट्टे पर देने की अनुमति देना है। आंध्र प्रदेश की भूमि पट्टा नीति किरायेदार किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे उन्हें लाभ और संस्थागत ऋण तक पहुँच आसान हो जाती है। बाज़ार की पहुँच बढ़ाने और बर्बादी को कम करने के लिए भंडारण सुविधाओं, सिंचाई प्रणालियों और ग्रामीण सड़कों पर सार्वजनिक ख़र्च को बढ़ावा दें।

शुष्क क्षेत्रों में, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ने सिंचाई कवरेज और जल उपयोग दक्षता में सुधार किया है।

# दर्द में लिपटी खाकी का अदृश्य दर्द



– रूपक शर्मा

**किसी की बाईक भी चोरी हो जाए तो वह व्यक्ति किसी दूसरे को ढूंढ़ता है थानें ले चलने के लिए क्योंकि उसे पता है कि थानें में बैठा ड्युटी सिपाही उससे किस कदर पेश आएगा। कितने भी स्वागत कक्ष बन जाए हैल्पिंग वर्ड के स्वागत किसी भी स्तर पर नहीं होगा। पीड़ित से पुलिस कर्मी कैसे व्यवहार करते है ये किसी ऐसे व्यक्ति से पूछो जो पुलिस में आफ लाईन रिर्पोट दर्ज कराकर आया हो।**

कहते है कि समाज का सिस्टम ही कुछ ऐसा है कि जो हमें मिलता है हमें उसे ब्याज सहित लौटाना पड़ता है चाहे संस्कार हो,पाप हो, पुण्य हो या फिर परेशानी। कुँए में जैसी आवाज देंगे वैसी ही लौटकर आऐगी। पुलिस की कार्यशैली में चाहे कितना भी कागजी आमूल चूल परिवर्तन हो जाए लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी और आने वाला कल भी पुलिस को 12 से 15 घण्टे की नौकरी करने से नहीं रोक सकता। अपने इस दर्द को पुलिस कर्मी ना किसी से बांट सकता है ना ही अपने परिवार के समक्ष रख सकता है। एक एजेंसी के सर्वे के आंकड़ो के मुताबिक राजस्थान में पुलिस कर्मियों में औसतन 70 प्रतिशत पुलिस कर्मी अनिद्रा,बीपी, मानसिक तनाव और डायबिटिज रोग से ग्रसित हैं। हाथ में ड़ंड़ा लेकर सिर्फ खाकी के भरोसे अपराध की रोकथाम करने वाले अस्वस्थ्य पुलिस कर्मियों के व्यवहार के पीछे कहीं ना कहीं सिस्टम का दिया हुआ उपहार ही है। मात्र तीन से चार घण्टों की नींद,अपने अधिकारियों की डाट फटकार,अपने परिवार जन से उपेक्षित, 8 से 12 घण्टे तक दुनियां भर में झमेले सुनने वाले,भाई-भाई का झगड़ा देखने वाले, नित नए अपराध और झूठ के सहारे पुलिस से मदद की गुहार करने वाली जनता को देखने वाले और साल भर में गिनती की छुट्टिया पाने वाले एक सिपाही की व्यथा किसी से छिपी हुई नहीं है। अपनी बेटी की शादी हो या बीवी का इलाज के लिए पुलिसवाले अपने अधिकारियों से भीख की तरह मांगते हैं छुट्टी। अक्सर किसी सीनियर अधिकारी के ऑफिस में आप जाएंगे तो ऐसी स्थिति आपको देखने को मिल सकती है कि एक पुलिस वाला हाथ में रजिस्टर लेकर ऐडी मिलाकर सैल्यूट करते हुए अधिकारी के कमरे में दाखिल होता है। उसी समय अधिकारी व्यंग्य में हंसते हुए कहता है कि अरे आ गए, बताओ क्या चाहिए? इससे पहले, हाथ में रजिस्टर लिए पुलिसकर्मी कुछ कह पाए उससे पहले अधिकारी कह देते हैं कि देखो छुट्टी मत मांगना, भले कुछ ओर मांग लेना। अब पुलिसकर्मी हैरान रह जाता है। अब मुंह बनाए खड़ा हो जाता है। क्या बोले, बेचारा। अधिकारी फिर पूछता है क्या बात है बताओ-बताओ तो पुलिसकर्मी बोलता है साहब छुट्टी चाहिए। अधिकारी डांटते हुए क्या बहाना है, बता ही दो। पुलिसकर्मी बताता है कि साहब बेटी की शादी है। तो अधिकारी पलटवार करके कहता है कि कार्ड दिखाओ। पुलिसकर्मी,ये देखिए साहब,कम से कम एक महीने की छुट्टी तो चाहिए ही। अधिकारी भौंहे चढ़ाकर कहता है . एक महीने? अरे घर में कोई नहीं है क्या? तू ही करेगा सबसे ज्यादा काम और सामने बैठे व्यक्ति ठहाके लगा देतें हैं। ज्यादा से ज्यादा 10 दिन की मिलेगी। अगर लेना है तो लो वरना देख लो। क्या पता कार्ड भी फर्जी बनवा लिया हो। अक्सर ऐसी बातें सामने आती हैं। इसी तरह घर में बीवी या मां या बच्चे भी बीमार हों तो ज्यादा से ज्यादा एक या दो दिन की छुट्टी मिलती है। वो भी अहसान के साथ। ऐसे में पुलिसकर्मी की मानसिक हालत क्या होगी। खैर एक पुलिस अधिकारी ने तो जिस युवक की शादी थी उसे बधाई की अपेक्षा मात्र 7 दिन की छुट्टी ऐसे दी जैसे कोई अहसान कर रहा हो।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



नरेन्द्र शर्मा
( अध्यक्ष श्री श्याम कृपा आश्रम खाटू धाम )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं श्याम बाबा के अनन्य भक्त और युवाओं के प्रेरणा कॉग्रेस पार्टी के लिए समर्पित इंसान नरेन्द्र शर्मा। 13 मई सन 1968 को अलवर में जन्में नरेन्द्र शर्मा बीएससी की पढ़ाई के बाद राजनीति में सक्रिय हुए और अलवर जिला एन.एस.यू.आई में महासचिव के पद पर 1991 अलवर जिला एनएसयूआई में उपाध्यक्ष के पद पर 1993 से 1998 तक। अलवर जिला यूथ कांग्रेस में सचिव के पद पर 1998 से 2000 तक अलवर जिला यूथ कांग्रेस में महासचिव के पद पर 2000 से 2003 तक अलवर जिला यूथ कांग्रेस में उपाध्यक्ष के पद पर 2003 से 2005 तक अलवर जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव के पद पर 2006 से 2007 तक अलवर जिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर अक्टूबर 2007 से 2009 तक समस्त अग्रिम संगठनों के जिला प्रभारी 2007 से 2009 तक रहे। निर्वाचित जन प्रतिनिधि रहे और कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा अलवर शहर चुनाव 2008 में कॉग्रेस के टिकट से लड़े उसके बाद भले ही जीते नहीं लेकिन सरकार कॉग्रेस की बनने के बाद लोगों के काम में दिन भर भागते दौडते रहे। आध्यात्मिक जीवन भी इनका शानदार है श्याम बाबा के अटूट भक्त हैं। अध्यक्ष रहे अखिल भारतीय श्याम सेवा मण्डल के संरक्षक, श्री श्याम यात्रा मण्डल, अलवर संरक्षक श्री राजऋषि अभय समाज, अलवर अनेकों ब्लड डोनेशन कैम्पों का आयोजन करवाया साथ ही निम्न वर्ग के खिलाडियों के लिए नि:शुल्क कैम्पों का आयोजन किया। राजस्थान सरकार के द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के लिए समय-समय पर आम आदमी की मदद के लिए कैम्पों का अयोजन करवाया। पार्टी के द्वारा संगठन स्तर पर और प्रशासनिक स्तर पर चलाये जाने वाले सभी योजनाओं और कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी गरीबों के लिए बीपीएल कार्ड व विधवाओं के लिए पेंशन कार्ड हेतु कैम्पों का आयोजन करवाते रहे। अब अध्यक्ष श्री श्याम कृपा आश्रम खाटू धाम हैं और लोगों की मदद के लिए आज भी हमेशा खड़े रहते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_025 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 2 | | | 1 | | |
| | | 9 | | 1 | | 5 | | |
| 1 | 3 | | | | | | 9 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 3 | | | 7 | 5 | |
| 3 | 9 | 4 | 1 | | | | | |
| | 5 | 6 | | | 8 | 3 | | |
| 9 | | | | 4 | | | 7 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | | | 9 | | 2 | 5 |
| 4 | | | | | | 9 | 8 | |

### Ans_2025_024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**वृष**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**मिथुन**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**कर्क**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। आपका मन द्रवित हो उठेगा।

**सिंह**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा।

**कन्या**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**वृश्चिक**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**धनु**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**मकर**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**कुंभ**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मीन**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें। काम समय से पूरा नहीं होगा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र में विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी संस्थाओ सहित सरकारी एजेन्सीयो के तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुई। राष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रमो की कड़ी में सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में आई पार्टनर संस्था की रक्षण परियोजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रभारी विवेक त्रिपाठी एवं समन्वयक मोहन मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में 60 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भाग लेने वाली बालिकाओ के मध्य मेहन्दी , पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्कालरशिप कोर्डिनेटर दीपा शर्मा ने बालिकाओ को अधिकारो, पोक्सो कानून व शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में ब्लाक कोर्डिनेटर विष्णु माधीवाल ने सकारात्मक सोच व स्वस्थ जीवन के विषय पर प्रकाश डाला।

**विधिक जागरूकता शिविर आयोजित :-** राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर तालुका विधिक सहायता समिति द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के आर्देशानुसार रा.बालिका उमावि में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। समिति सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि शिविर में पैनल अधिवक्ता एडवोकेट अब्दुल रज्जाक शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व महिला सरंक्षण अधिनियम सहित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में जानकारी दी।

# भाजपा जिन मुद्दों पर कार्य कर रही, वो सभी अंबेडकर के सपने- गोठवाल

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी की और से चलाए जा रहे संविधान गौरव यात्रा अभियान के तहत शुक्रवार को सवाई माधोपुर जिले की कार्यशाला होटल सिद्धि विनायक में संपन्न हुई । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेन्द्र गोठवाल उपस्थित रहे, कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने की एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, डॉ भरत मथुरिया, प्रधान नरेन्द्र चौधरी, मंजू गुर्जर, यात्रा कार्यक्रम संयोजक चंपालाल मीणा मंचसीन रहे । कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को कार्यकर्ताओं के बीच रखा, उन्होंने कहा कि अम्हबेडकर हमेशा से ही समानता के अधिकार की भावना रखने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी अंबेडकर की विरोधी रही है। भाजपा आज जो भी कार्य कर रही है वो सभी अम्बेडकर के सपने थे। कार्यशाला को जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने भी संबोधित किया। उन्होंने यात्रा के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी और यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया ।

इस दौरान जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, बलवीर सिंह, हनुमत दीक्षित, जिला मंत्री पुष्कर जाट, एडवोकेट कमलेश गुर्जर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भवानी सिंह मीणा, पूर्व प्रधान लल्लू मीणा, पूर्व महामंत्री रंगलाल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, मनीष शर्मा, लखन मीणा, कैलाश मीणा, नेमीचंद मीणा, गंगाशंकर गौतम, मनराज गुर्जर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, मंडल महामंत्री आकाश भारद्वाज, कमलेश शर्मा, प्रणव गौतम, पंडित लालचंद गौतम, डॉ मधुमुकुल चतुर्वेदी, कपिल जैन, रितेश भारद्वाज, सुधीर शर्म, राजू दाधीच, मुकेश शर्मा, शुभम भारद्वाज, संतोष मथुरिया, मेहनाज पटेल, सावित्री शर्मा, सुधा तोषनीवाल, सुधा जैन, जिनेंद्र शर्मा, अजय बसवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का आधारः डॉ. ललिता वर्मा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मालपुरा की आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. ललिता वर्मा ने कहा है कि इंसान को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। डॉ. वर्मा शुक्रवार को राजकीय पीजी महाविद्यालय मालपुरा में एनएसएस के सात दिवसीय सेवा शिविर के दौरान आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण केम्प में मौजुद स्वयंसेवको को सम्बोधित कर रही थी।

इस मौके पर वर्मा ने कहा कि इंसान के जीवन का मुख्य आधार संतुलित आहार माना गया है। जो इंसान अपने आहार पर ध्यान देते हैं वे स्वस्थ जीवन जीते हैं। नशे के बारे में विचार प्रकट करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि नशा इंसान को बरबादी की ओर ले जाता है। नशा जीवन बनता नहीं बल्कि बरबाद कर देता है। साथ ही नशा समूचे परिवार को भी बरबादी की राह पर खड़ा कर देता है। इसलिए युवाओं को नशे से हर हाल में दूर रहना चाहिए। इस दौरान स्वयंसेवक बालिकाओ के मध्य मेहन्दी व केश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# भगवान महावीर पक्षी घर का लोकार्पण 26 को

## जलदाय मंत्री होगें मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद द्वारा भामाशाह सुमेर बड़जात्या के सहयोग से डाक बंगले के बाहर नवनिर्मित महावीर पक्षी घर व चबूतरे का लोकार्पण 26 जनवरी रविवार को दोपहर 2.15 बजे होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि परिषद के प्रान्तीय अध्यक्षउ आर.एस.सक्सेना, प्रान्तीय महामंत्री आर.एस.त्यागी होगें।

समारोह में भामाशाहो व दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह को लेकर परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, सचिव ताराकांत पाठक, वित्त सचिव ज्ञानचन्द जैन, संयोजक त्रिलोक विजय, सह संयोजक अरविन्द टेलर, सहित सभी परिषद पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारियो में जुटे हुए हैँ।

# पुलिस ने तीन साइबर ठग दबोचे, तीन मोबाइल जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रवांजना डूंगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन साइबर ठगों को गिरतार किया। पुलिस ने तीनों के कब्जे से तीन मोबाइल भी जब्त किए हैं। आरोपियों के बैंक खातों में लाखों का हिसाब भी मिला है। थानाधिकारी हरिमन मीणा ने बताया कि आरोपी बुद्धिप्रकाश पुत्र कन्हैयालाल मीना, रूपसिंह पुत्र रामप्रसाद मीना निवासी काशीमपुरा (टोंक) व तेजराम पुत्र केदार मीना निवासी मुई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कोटा मेगा हाइवे कुश्तला गणेश रेस्टोरेंट पर एप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलने की सूचना मिली थी। इस पर टीम ने घेराबंदी कर तीन साइबर ठगों को गिरतार किया। इन साइबर ठगों से तीन मोबाइलों के अनुसार यह लोग डवलपर से एप्लीकेशन बनवाकर ग्राहकों के जरिए फोन/इंटरनेट से ऑनलाइन सपर्क में रहकर मोबाइल फोनों एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मिली सिम, अलग-अलग बैंक अकाउंट का उपयोग कर ऑनलाइन अंकों पर दांव लगाकर लोगों को झांसा देकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुचित लाभ ले रहे थे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर कल

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ़ द्वारा 26 जनवरी को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा!

शाखा के अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन (दाल वाले) ने बताया कि 26 जनवरी को शाखा कुशालगढ़ द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन भगवती पैलेस में किया जाएगा ।

परिषद् के सचिव आनंद पैगरिया ने बताया कि शिविर में 10.30 बजे रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए जाएंगे और यह शिविर अपराह्न 3.00 बजे तक चलेगा। शिविर के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता गई वाले ने बताया कि शिविर में डॉ कुशाग्र कौशिक( हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ अक्षिता खंडेलवाल ( शिशु एवं बाल रोग) एवं डॉ.संदीप शर्मा( जनरल फिजिशियन) अपनी सेवाएं देंगे! उन्होंने बताया कि शिविर में सीबीसी, यूरिक एसिड, बीपी एवं डायबिटीज की जांच नि:शुल्क रखी गई है। उन्होंने सभी आम लोगों से आग्रह किया है कि अपने परिवारजन, नजदीकी एवं परिचितों को चिकित्सा का लाभ दिलाने का प्रयास करें।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं राजस्थान मरू उड़ान पर विभिन्न कार्यक्रम

## ऑनलाइन फ्रॉड से सभी सतर्क रहें- राजेन्द्र सिंह

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग सवाई माधोपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ लॉगो युक्त केक काटकर सामूहिक बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही बालिकाओं की माताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बेबी किट भेंट कर सम्मानित किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी से प्रोग्राम अधिकारी केरन पीटरसन द्वारा साइबर अपराध के संबंध में संभागियों को जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचाव के उपाय व टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी प्रदान की। साइबर थाना सवाई माधोपुर से राजेंद्र सिंह थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय पर जानकारी दी तथा अपने अनुभव साझा करते हुए ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया। राजीविका से बी पी एम मुलेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की गई तथा वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बने के संबंध में जागरूक किया। उपनिदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा ने बालिकाओं को सही राह अपनाते हुए करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम पर शपथ दिलवाई गई। साथ ही संरक्षण अधिकारी राजेंद्र कुमार द्वारा संभागियों को महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में जागरूक किया तथा आंतरिक शिकायत समिति व स्थानीय समिति की जानकारी प्रदान की।

उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग अमित गुप्ता द्वारा राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यशाला का समापन किया। इस अवसर पर उपनिदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी प्रदीप गौतम, वरिष्ठ सहायक नूतन कुमार जिंदल, सिकॉयडिकोन से ओमप्रकाश मीणा, जीतेन्द्र बहादुर, सिकॉयडिकॉन से ओम प्रकाश मीना एवं पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र से अनीता कंवर तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# महाराजा हम्मीर महाविद्यालय में समारोहपूर्वक मनाया बालिका दिवस

## बालिकाएं स्वयं को मजबूत बनाएं- तरुणा

बढ़ता राजस्थान



**चौथ का बरवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे के महाराजा हम्मीर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर समारोह में बालिकाओं ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं महाविद्यालय की ओर से बालिकाओं के तिलक माला पहनाकर उनका सम्मान किया तथा उन्हें उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र अध्यापिका तरुणा गुर्जर ने कहा कि हमें आज के इस युग में स्वयं को मजबूत बनाना है और लगातार मेहनत करके प्रगति के पथ पर अग्रसर होना है। छात्र प्रद्युमन गौतम ने कहा कि आज के इस युग में हमें बालिकाओं का सम्मान करना चाहिए। बालिका शिक्षा के लिए हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए और आज के इस युग में बालिकाएं बहुत ऊंचाइयों पर पहुंची है। व्याख्याता सोनू शर्मा ने कहा कि बालिकाएं किसी से कमजोर नहीं है। आज बालिकाएं बहुत मजबूत स्थिति में है। हमें किसी से डरना नहीं चाहिए और निरंतर मेहनत करके अपने मुकाम पर पहुंचना चाहिए। बालिका दिवस पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

# बाइक की डिग्गी से दो लाख रुपए चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मानटाउन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटर साईकिल की डिग्गी से दो लाख रुपए चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी रोमिल सुनिल वर्मा निवासी कृष्णा अपार्टमेन्ट लोकमान्य नगर पाड़ा वेस्ट ठाणे महाराष्ट्र हाल बजाज शोरुम के पीछे पटेल नगर है। आरोपी को गत दिवस गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि गत 21 जनवरी को भजनलाल पुत्र बंशीलाल गुर्जर निवासी भढेरडा भारतीय स्टेट बैंक से 2 लाख रुपए निकलवाकर मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर बजरिया के पास ठेके से शराब लेने गया। वापस आया तो डिग्गी में रखे 2 लाख रुपए नहीं मिले। इसके बाद पीड़ित ने मानटाउन थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों की मदद से घटना का खुलासा किया और मोटरसाइकिल की डिग्गी से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

# आगीवाल अध्यक्ष व त्रिलोक विजय सचिव मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** सदरपुरा रोड स्थित श्री गोपाल गोशाला की साधारण सभा की बैठक में गौशाला संचालन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष गिरधारी आगीवाल, मुख्य सरंक्षक चैनराज सिंघी, सरंक्षक महावीर प्रसाद सुराशाही, सचिव त्रिलोक विजयवर्गीय क्याल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश नामा, प्रकाशचन्द पाटनी, कोषाध्यक्ष भागचन्द कागला, लेखा परीक्षक ज्ञानचन्द जैन टोरड़ी, सह लेखा परीक्षक अशोक काबरा को मनोनीत किया गया। साथ ही सरंक्षक मंडल व कार्यकारिणी सदस्यो का मनोनयन भी सर्वसम्मति से किया गया।

# कुश्तला-जयपुर बाइपास पर धान से भरा ट्रेलर पलटा, जनहानि नहीं, ज्वॉइंट का हुक टूटने से हुआ था अनियंत्रित

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कुश्तला-जयपुर बाइपास पर गत दिवस सुबह धान से भरा ओवरलोड ट्रेलर अचानक से सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि ट्रक पलटने के दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कुश्तला चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शी कैलाश सैनी व महेश शर्मा ने बताया कि सुबह छह बजे एक धान से भरा ओवरलोड ट्रेलर श्योपुर से हरियाणा जा रहा था। इस दौरान कुश्तला-जयपुर बाइपास पर अचानक से ट्रक के बीच ज्वॉइंट का हुक टूट गया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रेलर में करीब 800 धान की छोटी बोरियां थी।

### 20 मिनट बाधित रहा यातायात

मुय हाइवे पर अचानक से धान से भरे ट्रेलर के पलटने से करीब 20 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। इस दौरान दूर-दूर तक वाहनों की कतार लग गई। हालांकि बाद में कुश्तला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से ट्रेलर को सड़क किनारे करवाया।

### सर्किल के चौड़ाईकरण की मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुश्तला में जयपुर बाइपास पर सर्किल बना है, लेकिन इसकी चौड़ाई कम है।

ऐसे में आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से इसकी चौड़ाईकरण की मांग की है।

# बजरी के ऊपर मिट्टी डाल कर रहा था अवैध परिवहन, ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भाड़ौती पुलिस ने गुरुवार शाम को अवैध बजरी निर्गमन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। भाड़ौती चौकी प्रभारी हरिलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस को अवैध बजरी निर्गमन की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी कराई। इस दौरान बनास नदी से अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। ट्रैक्टर चालक ने ट्रॉली में फंटा लेवल बजरी भरकर ऊपर से मिटटी डलवा रखी थी, ताकि किसी को शक नहीं हो और पुलिस चौकी के सामने से निकलने का प्रयास कर रहा था। लेकिन पुलिस ने मुखबिर से मिली जानकारी पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का इशारा किया तो हड़बड़ाहट में चालक मुय बाजार में अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अवैध बजरी से बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को भारती विद्युत पावर हाउस के पास खड़ा करवाया। इस दौरान मिट्टी को हटवा कर चेक किया तो उसमें बजरी होना पाया गया।

मौके पर ही चौकी प्रभारी हरिलाल बैरवा ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल दिनेश, कृष्ण कुमार यादव, विष्णु एवं सतीश मौजूद रहे।

# 29 को टोंक जिले के 1120 गांव बंद रहेंगे:गांव बंद आंदोलन की तैयारियां जोरों पर, गांव से बाहर नहीं जाएंगे ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** 29 जनवरी को होने वाले एक दिवसीय गांव बंद आंदोलन को लेकर किसान महापंचायत सक्रिय हैं। किसान महापंचायत की ओर से इसकी तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। किसान महासभा की ओर से गांव-गांव में जागृति रथ यात्रा निकाली जा रही है। यह रथ यात्रा शुक्रवार को पीपलू क्षेत्र के लोहरवाड़ा गांव पहुंची। जहां किसान महापंचायत की ओर से की जा तैयारियों के तहत किसानों की बैठक ली और इस आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान किया। किसानों ने इसे पूरा समर्थन दिया और कहा कि किसानों के हित के इस आंदोलन को सफल बनाया जाएगा। किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि आज सुबह लोहरवाड़ा में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। इसमें ग्रामीणों ने गांव बंद आंदोलन का समर्थन किया। गांव बंद आंदोलन को सफल बनाने के लिए आस-पड़ोस के गांव में जाकर किसानों को जागरूक करने का भी वादा किया।

### टोंक जिले के 1120 गांव बंद रहेंगे

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के आह्वान पर 29 जनवरी को टोंक जिले के 1120 गांव बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी (मंगलवार) को राजस्थान में गांव बंद आंदोलन को लेकर किसान एकमत हैं। इसमें गांव का व्यक्ति गांव में रहेगा और गांव का उत्पादन गांव में रखेगा। बाहर कोई उत्पाद बेचने नहीं जाएगा।

राजस्थान के 45 हजार 537 गांव को इस आंदोलन में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है। आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर बस, जीप, रेल या अन्य किसी भी यातायात साधन का उपयोग नहीं किया जाएगा।



# अविकानगर संस्थान की नई नस्ल खेडी भेड़ का हुआ पंजीयन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर द्वारा राजस्थान में भेड़ की नई नस्ल खेड़ी भेड़ का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि संस्थान द्वारा अब तक विकसित मालपुरा, सोनाड़ी, मारवाड़ी, चोकला, मगरा, जैसलमेरी, नाली पुगल जैसी भेड़ो की नस्लो का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा पंजीयन दिया गया है। अब संस्थान के वैज्ञानिको ने निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर के निर्देशन में खेड़ी भेड़ के रूप में नई नस्ल का विकसित किया है। इस नई नस्ल को परिषद द्वारा पंजीयन कर महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक द्वारा संस्थान निदेशक डॉ. तोंमर को पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। निदेशक डॉ. तोमर ने बताया कि संस्थान द्वारा विकसित यह 9वीं नस्ल है जिसको परिषद द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

एंकॉर्ड की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

# नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु समन्वित प्रयास करें एवं जागरूकता अभियान चलाएं : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि नशीले ड्रग्स व मादक पदार्थों के प्रभावी रोकथाम के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास करें एवं शिक्षण संस्थानों में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को जागरूक करने हेतु एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें।जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को ह्ष्टह्रञ्ज की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया. इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।जिला कलेक्टर ने कहा कि नशे पर प्रभावी रोकथाम व जागरूकता के लिये एनजीओ की सहायता से सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, हॉस्टलों, कोचिंग संस्थानों में अन्य सरकारी अभियानों के साथ-साथ वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं तथा प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएं. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने हेतु समन्वित कार्यवाही करें एवं बॉर्डर, राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच कर निगरानी रखें. जिला कलेक्टर ने जयपुर तथा अलवर के ड्रग कंट्रोलर के अधिकारियों की साप्ताहिक ड्यूटी जिला मुख्यालय पर लगाने के लिए संबंधित उच्च स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा.अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना एवं की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा आपसी तालमेल से की जायें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से मेडिकल दुकानों का निरीक्षण कर दवाओं के जीएसटी बिलों की जांच करें. उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो नशे का आदी हो और नशे की प्रवृत्ति से छुटकारा पाना चाहते है उनके लिये विशेष रूप से अस्थाई नशा मुक्ति केन्द्र व शिविरों का संचालन करें।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाने व मादक पदार्थों के अवैध निर्गमन, बिक्री एवं भंडारण की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारी इस संबंध में आवश्यक जानकारी पुलिस से साझा करें। पुलिस विभाग एनडीपीएस सामग्री के सीजर की कार्यवाही करने के साथ-साथ इस प्रकार के रैकेट चलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगा. उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को समय समय पर खेती वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर मादक पदार्थों की खेती नहीं हो रही हो यह सुनिश्चित करने को कहा बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित कृषि, वन, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 : आमजन को रोड सेफ्टी के संबंध में अनुपम पहलों के माध्यम से किया जा रहा है जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार सैनी ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत कार्यालय द्वारा वाहन चालको को रोड सेफ्टी के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक, समूह गोष्ठी व अन्य अनुपम पहलों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप तथा सड़क पर विचरण करने वाले पशुओ पर काऊ बेल्ट लगाई जा रही है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर संचालित वाहनों के ओवरस्पीड, नशे में वाहन संचालन, तेज गति, गलत दिशा में वाहन संचालन, नियम विरुद्ध मोडिफाइड, वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग, सेफ्टी गियर्स (हेलमेट व सीट बेल्ट) का उपयोग नही करने सहित बिना रिफ्लेक्टर टेप, अंडररन प्रोटेक्शन डिवाइस, स्पीड गर्वनर,पीयूसी, बीमा फिटनेस, नम्बर प्लेट आदि के वाहनों की जांच उड़नदस्तों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिसमें वाहनों के पंजीयन प्रमाण-पत्र व फिटनेस प्रमाण-पत्र निलम्बित किए जा रहे है तथा चालक लाईसेंस रेवोक की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो पर बैनर, पोस्टर लगाये जाकर आमजन के लिए यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार किए जा रहे।

राजकीय बालिका सीनियर स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

## राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है : प्रधान गणपतसिंह रावत

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जवाजा पंचायत समिति के प्रधान गणपतिसंह रावत ने कहा कि हमारी सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। बालिकाओं को योग्यता के अनुसार व दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को स्कूटी, साईकिल व बसों में कनसेशन आदि दिया जाता है।

प्रधान रावत ने कहा कि विद्यालय में नवीन कक्षा-कक्ष निर्माण कराने की घोषणा की। समारोह की अध्यक्षता राजियावास ग्राम पंचायत के सरपंच ब्रजपालसिंह रावत ने की। प्राचार्य महेश कुमार ओलानिया ने बताया कि समारोह को विशिष्ट अतिथि सरपंच आनंद सिंह नरबदखेड़ा, शहीद अमरसिंह सीनियर स्कूल कालिंजर के प्राचार्य गजेन्द्र तुनगरिया, चंद्रभान सिंह, पूरण सिंह आदि ने संबोधित किया। समारोह में बालिकाओं ने नशा मुक्ति और कृष्ण-सुदामा के मिलने को लेकर आकर्षक नाटक की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में गार्गी पुरस्कार प्राप्त करने वाली 7 बालिकाओं और कक्षा एक से 12 तक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में सरपंच ब्रजपालसिंह रावत ने विद्यालय परिसर में टीनशैड डोम निर्माण कराने की घोषणा की। इस दौरान उप सरपंच ललित सिंह, दुष्यंत सिंह, भंवर सिंह, मोहम्मद युसूफ, नारायण सिंह, उदय सिंह, हरि सिंह समेत अभिभावक और अध्यापक-अध्यापिकायें मौजूद थी। समारोह का संचालन रूपकला शर्मा ने किया।

## सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** स्थानीय सुभाष बोस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई गयी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दयाराम जांगिड़ , सहायक आचार्य जगतपाल शर्मा, श्रीमती कैलाश व छात्राध्यापक - छात्राध्यापिकाओं द्वारा सुभाष चन्द्र बोस के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये गए। ममता राठौड़ , मोनिका, नकुल, विनिता, युवराज सिंह, अमित, अदिति सहित अलग-अलग कक्षाओं के अनेक छात्राध्यापक - छात्राध्यापिकाओं ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन संस्मरण सुनाये व राष्ट्रभक्ति कविताओं का पाठ किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दयाराम जांगिण ने देशभक्त सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा नारा देकर देशवासियों को जागृत किया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रणधीर सिंह ढ़ाका ने बताया कि देशभक्त सुभाष चन्द्र बोस अपने जीवन में एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी रहें हैं। उन्होंने सिविल सेवा की परीक्षा पास की और प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुए लेकिन उन्होंने अपने स्वाभीमान और देश को आजाद करवाने के उद्देश्य से अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की और प्रशासनिक सेवा जैसी नौकरी को ठुकरा दिया। उनका जीवन देश भक्ति से ओत्प्रोत है आवश्यकता है कि हमें उनके विचारों को अपने जीवन में डालना चाहिए ।इस मौके पर सहायक आचार्य हरदत्त सिंह, किसन लाल गोस्वामी, गोविन्द सिंह, दिनेश बाडेतिया, पूर्णमल जांगीड़, दिनेश कस्वां, राकेश सैनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन सहायक आचार्य जयमल गोस्वामी ने किया।

## रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज के तहत आए ग्यारह सदस्यों के दल का हुआ स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर की मेजबानी में अमेरिका के शिकागो से उदयपुर रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज के तहत आए हुए ग्यारह सदस्यों के दल का अध्यक्ष अनिल छाजेड़ द्वारा स्वागत किया गया । अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि यह दल उदयपुर की संस्कृति एवं सेवा भावों के आदान-प्रदान की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए उदयपुर आया हुआ है। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर एवं अमेरिका शिकागो से आए हुए रोटरी दल के सदस्यों के बीच सेवा कार्यों के लिए परस्पर सहयोग बनाने की आपसी सहमति हुई। इस अवसर पर रोटरी के पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी, पूर्व प्रांतपाल निर्मल कुणावत, अध्यक्ष निर्वाचित दीपक मेहता, सचिव भरत सरुपारिय, रो. कपूर एवं रो. भावना गर्ग मौजूद थी। अमेरिका रोटरी प्रांत 6440 के विभिन्न क्लबों से आए प्रतिनिधियों ने रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर के मेडिकल इक्विपमेंट बैंक में भी अपने भागेदारी की संभावनाओं की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर क्लब फ्लैग का भी आदान प्रदान किया गया एवं अंतरराष्ट्रीय सदभावना एवं शांति बनाए रखने की भी अपील की गई। पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी ने धन्यवाद की रस्म अदा की।

## पशुपालकों की चिंताएं हो रही दूर, पशुधन का नि:शुल्क बीमा

### प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पशुपालक करवा सकते हैं पशुधन का नि:शुल्क बीमा, 31 जनवरी तक ऑनलाइन करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश लाटा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार के संवेदनशील निर्णयों से अब पशुपालकों की चिंताएं दूर हो रही हैं। प्रदेश के पशुपालक समृद्ध हो रहे हैं और उनके पशुधन का नि:शुल्क बीमा किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनांतर्गत प्रदेश के पशुपालक 31 जनवरी, 2025 तक अपने पशुधन का बीमा करवा सकते हैं। योजना के तहत 21 लाख पशुओं का बीमा हो सकेगा, जिनमें 5-5 लाख गाय, भैंस, बकरी व भेड़ तथा एक लाख ऊंट का बीमा हो सकेगा। प्रदेश के गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक, लखपति दीदी योजना लाभार्थी तथा लॉटरी द्वारा चयनित जन आधार कार्ड धारक पशुपालकों के अधिकतम 02 दुधारू पशु गाय, भैंस अथवा दोनों, 10 बकरी, 10 भेड़ व एक उष्ट्र वंश पशु का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा।

### यह रहेंगे पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज

योजनांतर्गत पंजीकरण के लिए पशुपालक का जन आधार कार्ड, आवेदक पशुपालक एवं पशुपालक का पशुधन के साथ फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, उपलब्ध होने पर गोपाल क्रेडिट कार्ड या लखपति दीदी कार्ड व पशुधन के टैग नंबर होना आवश्यक है।

## बजट 2025 में उदयपुर के जनजाति क्षेत्र विकास संबंधी प्री-बजट परामर्श बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** नगर निगम में आज आयोजित हुई बजट 2025 की प्री बजट पमरार्श बैठक में जनजाति क्षेत्र विकास संबंधी चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में बिजनेस सर्कल इंडिया के संयुक्त कोषाध्यक्ष मयंक गुप्ता और इंफिनिटी एजुकेशन की संस्थापक प्रतिभा शर्मा ने भाग लिया। दोनों जनजाति विकास संबंधित कई समस्याओं पर अपने विचार रखें। मयंक गुप्ता ने सरकारी स्कूल और जनजाति हॉस्टल में रहने वाले बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों पर चर्चा की और बताया कि जनजाति बाहुल्य वाले बच्चों की अकादमिक स्तर को सुधारने और समय प्रबंधन के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए। इन कार्यशालाओं में तनाव प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों जैसे योग ध्यान क्रियाएं संगीत इत्यादि आयोजित की जाने पर चर्चा की गई। आजकल बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत से छुटकारा दिलाने के लिए उन्हें स्टोरी टेलिंग और एक्टिविटीज द्वारा समय प्रबंधन सिखाया जाए तथा बच्चों को प्रोफेशनल काउंसलर के द्वारा परामर्श सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए, जो बच्चों को विषय का चुनाव करने तथा कैरियर गाइडेंस में भी सहायक रहे और जिससे बच्चे निकट भविष्य में रोजगार का चयन अपनी रुचि और क्षमता अनुसार कर आगे बढ़ सके। मयंक गुप्ता ने सभी सरकारी स्कूल और जनजाति हॉस्टल में काउंसलर नियुक्त करने की बात आगामी बजट में रखने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता टीएडी विभाग की अतिरिक्त आयुक्त गीतेशश्री मालवीय ने की।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने बालिका सशक्तिकरण के महत्व पर प्रभावशाली उद्बोधन दिए गये।

अदिति साहू ने महान भारतीय महिला नेताओं के योगदानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साहस और दृढ़ता की कहानियों से दर्शकों को प्रेरित किया। कृष्णा तेली ने व्यावसायिक जगत में उल्लेखनीय ऊंचाइयों को प्राप्त करने वाली महिलाओं के बारे में अपने भाषण से दर्शकों को मोहित कर दिया, उन्होंने महिलाओं की उद्यमशीलता की भावना और सफलता का प्रदर्शन किया।

शीतल चुंडावत ने भारत में बालिका सशक्तिकरण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, उन्होंने शिक्षा के उनके जीवन और समाज पर सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित किया। नीलम प्रजापत ने ज्योतिबा फुले और महिला सशक्तिकरण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर एक मार्मिक भाषण दिया। मिताली सेन, मनीषा करवड़, रीना डांगी, चेतना मेघवाल, कोमल भोई, दिव्यालक्ष्मी जैन, पालकष जैन, विशाखा असोड़ा, भूमिका लोहार, अमीषा व्यास और सुमित्रा गामर ने भी प्रभावशाली भाषण दिए, प्रत्येक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व और महत्व के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रितु पालीवाल ने कहा कि बालिका शिक्षा देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने चाहिए ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन, 747 मरीज लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम भौनावास स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भौनावास पर नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. बिजेय यादव ने शिविर का निरीक्षण किया।

शिविर में आये हुये मरीजों एवं परिजनों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 1623 जनसहभागियों की उपस्थिति एवं 747 मरीजों की ओपीडी रही। मरीजों को विषय विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन आदि सेवायें दी गई। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर, टीबी, अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निःशुल्क जांच कर उपचार किया गया। शिविर में आमजन की आभा आई.डी. एवं बकाया ई-केवाईसी भी की गई। आरबीएसके टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया। जिनका निरन्तर फॉलोअप किया जावेगा। बीसीएमओ ने शिविर के सफल आयोजन के लिये चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. बिजेय यादव, डॉ. रवि शंकर डिगवाल, यामिनी त्रहान, कैलाश चन्द यादव, महेश चन्द यादव एवं चिकित्सालय स्टॉफ को धन्यवाद् दिया।

## शाखा प्रबंधक व्यवसाय वृद्धि के लक्ष्यों को पूर्ण करें

बीआरकेजीबी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा व्यावसायिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( नि.स. )।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से शुक्रवार को होटल शक्ति पैलेस में व्यवसायिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महाप्रबंधक महेश कुमार गोयल ने चूरू क्षेत्र की वर्तमान व्यवसायिक स्थिति से अवगत कराया और मार्च 2025 तक क्षेत्र के लक्ष्यों को अर्जित करने की कार्य योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों से व्यवसाय वृद्धि के सभी लक्ष्यों को पूर्ण करने का आह्वान किया।क्षेत्रीय प्रबंधक करणबीर सिंह ने दिसंबर 2024 त्रैमास तक बैंक द्वारा अर्जित विभिन्न पैरामीटर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान विभिन्न बैंक के विभिन्न पैरामीटर में उत्कृष्ट कार्य करने पर 45 शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र कुमार दरगड़ ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर चूरू क्षेत्र की शाखाओं के शाखा प्रबंधक सहित क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कन्या महाविद्यालय में महिला नीति व्याख्यान का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सरदारशहर ( नि.स. )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सरदारशहर में महिला नीति व्याख्यान के अंतर्गत यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात नियमों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए यातायात प्रभारी श्री गणपत राम एवं श्री नरेंद्र जी ने यातायात नियमों के संबंध में छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया । उन्होंने यातायात नियमों की अक्षरश: पालना करने के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये एवं दुपहिया वाहन आदि चलाते समय ध्यान रखने वाले सामान्य नियमों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर लेखाधिकारी श्री गजेंद्र सिंह भाटी ,डॉक्टर गजेंद्र दान चारण ,मुकेश चौधरी, अशिता गढ़वाल ,विक्रम सोनी, रामस्वरूप स्वामी आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे ।प्राचार्य डॉक्टर योगेश चाहर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला कलक्टर की भाटोली गुजरान में हुई रात्रि चौपाल, ग्रामीणों के लिए रही राहत भरी

## बिजली बिल अधिक आने पर एइएन को भेजा मीटर चेक करने, सखाजी और नोजीबाई की हाथों हाथ शुरू हुई वृद्धावस्था पेंशन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** ग्रामीणजनों की समस्याओं का मौके पर जाकर अधिकारियों के बीच निराकरण करने को लेकर जिला कलक्टर आलोक रंजन की डूंगला पंचायत समिति की भाटोली गुजरान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए राहत भरा रहा?। मौके पर ही बंद पड़ी वृद्धावस्था पेंशन शुरू हुई वहीं बिजली का बिल 20-25 हजार तक आने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने बिजली विभाग के एइएन को मौके पर मीटर जांच के लिए भेजा। यह देखकर ग्रामीण जनों ने अधिक मीटर रीडिंग एवं ज्यादा राशि के बिल में कमी की उम्मीद जगी। चौपाल में हीरालाल गाडरी देवीलाल गाडरी रामेश्वर गाडरी सहित 6-7 बिजली उपभोक्ताओं ने घरेलू बिजली बिल अधिक आने का प्रार्थना पत्र दिया था। जिला कलक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने एवं ग्रामीणों से संवाद किया उन्होंने ग्रामीणों से पशुओं के संबंध में जानकारी ली मंगला पशु बीमा योजना के संबंध में जानकारी देते हुए अधिकाधिक पशुओं के बीमा कराने की बात कही। जनसुनवाई में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सड़क निर्माण, विद्यालय मे अध्यापक लगाने आदि जनसमस्याओं को सुनते हुए उन्होंने मौके पर ही जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करें। रात्रि चौपाल में पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, किसान सम्मान निधि, बिजली, सहित विभिन्न विभागों से लगभग 20 प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित निस्तारण के लिए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देष दिए। उन्होंने विकास अधिकारी व तहसीलदार को पंचायत में सड़क निर्माण, शमशान विकास कार्य, नाली निर्माण कराने के के भी निर्देष दिए। के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने पीएम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत आवेदनों को भी अग्रेषित करवाया।




### सोसर बाई एवं सखाजी की शुरू हुई हाथों-हाथ वृद्धावस्था पेंशन

रात्रि चौपाल में दो वष से बंद पड़ी वृद्धावस्था पेंशन शुरू करवाने को लेकर सखाजी एवं नोजीबाई ने जिला कलक्टर को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया इसपर तत्काल कार्यवाई करते हुए जिला कलक्टर आलोक रंजन ने ईमित्र को बुलाया और वृद्धावस्था पेंशन उनके खाते में नहीं आने का कारण जाना तो ई-मित्र ने बताया कि नोजीबाई को दो वर्षो से व सखा जी की भी पेंशन बंद है, क्योंकि इनके अंगूठा निशान नहीं आने से उनके खाते में पेंशन ट्रांसफर नहीं हो रही। जिला कलक्टर ने तत्काल ई-मित्र से कहा कि वह ऐसे प्रकरणों में तत्काल ओटीपी लेकर नाम पुनः जुड़वाएं ताकि पेंशन शुरू हो। जिला कलक्टर की इस कार्रवाई से सोसर बाई एवं सखाजी की हाथों-हाथ वृद्धावस्था पेंशन शुरू की गई।

# वाल्मीकि समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

## चित्तौड़गढ़-ए टीम ने जीता फाइनल मैच

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** अम्बेडकर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पिछले पाँच दिवस से आयोजित वाल्मीकि समाज की 7वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को सम्म्पन्न हुई।

पूर्व पार्षद दिलीप बेनीवाल ने बताया कि फाईनल मैच उदयपुर व चित्तौड़गढ़-ए टीम के बीच खेला गया जिसमें चित्तौड़गढ़-ए टीम विजेता रही।

जानकारी देते हुए अम्बेडकर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष राजेश लोठ ने बताया कि समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या थे। अध्यक्षता पूर्व पार्षद भोलाराम प्रजापत ने की। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र झंवर, नवीन पटवारी, ओमप्रकाश शर्मा, विशाल रजक, सत्यनारायण लोट, भेरूलाल लोट, राजेश कोदली उपस्थित रहे।

आयोजन सचिव जीवन कोदली ने बताया कि मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ सीरिज प्रदीप बारेसा ने जीती। आरसीएस के अम्पायर श्यामसिंह, सुरेश शर्मा, स्कोरर कपिल कुमार थे। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार, ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21 हजार मय ट्रॉफी की दी गई।

कार्यक्रम के दौरान रणजीत लोठ, राजेश कंडारा, ओमप्रकाश लोठ, विश्वनाथ टांक, अशोक बेनीवाल, अजय लोठ, कुलदीप बारेसा, राजेश छापरवाल, गोपेश कोदली, सुभाष घारू, शिव कोदली, सुनिल लोठ, रघुवीर कोदली, भेरूलाल लोठ, विश्वजीत घारू, दिनेश कोदली, पन्नालाल राठौड़, नरेन्द्र लोठ, बालमुकुन्द घारू, पंकज लोठ, प्रहलाद बुरठ, शंकर लोठ, सुरेश कोदली, मुकेश गोरण, सूरज पंवार, महेन्द्र जेदिया, प्रदीप बारेसा, अनिल लोठ, देवनारायण लोठ, रमन घारू, संदीप लोठ, प्रवेश घारू सहित कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। संचालन सुरेश कोदली और नरेन्द्र लोठ ने किया। आभार राजेश कंडारा ने व्यक्त किया।

# जिला रसद अधिकारी ने दुरुपयोग करते हुए 5 सिलेण्डर जब्त किये

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला रसद अधिकारी ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर का दुरुपोयग करने वालों के खिलाफ छापामार कार्यवाही करते हुए 5 सिलेण्डर जब्त किये हैं।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री राजस्थान सरकार व जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर में अभियान चलाकर गैस सिलेण्डर के दुरुपयोग पर कार्यवाही करते हुए जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने 5 सिलेण्डर जब्त किये हैं। जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने बताया कि गौशाला के सामने जगदीश गुर्जर पुत्र भीखाराम गुर्जर के यहां से 3 घरेलू सिलेण्डर, लसाडिया गांव में रॉयल रेस्टोरेन्ट के मालिक कालू काठात पुत्र भंवरु काठात से 2 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये हैं। जिला रसद अधिकारी सादिक ने बताया कि दुकानदार द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरुपयोग कर एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानों का उलंघन करने पर 05 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए जिन्हें अभिषेक जेम्स मैसर्स ब्यावर गैस सर्विस ब्यावर को सुपुर्दगी पर दिये गये हैं। इसी तरह उक्त प्रकरण में न्यायालय जिला कलेक्टर ब्यावर के समक्ष आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6ए में प्रस्तुत किये जायेगें। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि यह कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# भव्य संगीतमय बालाजी सुंदरकांड व शुद्धिकरण का कार्यक्रम हुआ आयोजित, देर रात तक जमे रहे श्रद्धालुजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ को लेकर चौमहला कस्बे के आडा बाजार मित्र मंडल द्वारा भव्य संगीतमय बालाजी सुंदरकांड व मोहल्ले का शुद्धिकरण का आयोजन किया गया। सुंदरकांड का पाठन श्री कृष्ण सुदामा भगवत धर्म प्रचार मंडल शामगढ़ के संरक्षक पंडित विक्रम पुरोहित द्वारा किया गया। वही इससे पूर्व गंगाजल संगम जल गौमूत्र से विधि विधान मंत्रोच्चार से आड़े बाजार का शुद्धिकरण किया गया। सुंदरकांड में पंडित द्वारा सभी सनातनी हिन्दू समाज के लोगों को नुकती के लड्डू की तरह एक साथ बंधे हुए रहने को कहा। वही बच्चों को धर्म से जोड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम में देर रात तक श्रद्धालु जमे रहे वही बच्चों ने सुंदर सुंदर भजनों पर नृत्य कर मन मोह। सुंदरकांड के दौरान भक्तों के लिए शाही पोहे अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। सुंदरकांड का समापन बालाजी सरकार की महाआरती महाप्रसादी वितरण के साथ हुई।

# पहली बार बनेगें मेवाड़ के संत महामंडलेश्वर, 26 जनवरी को विधि-विधान के साथ कुम्भ में होगा उनका पट्टाभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** मेवाड़ क्षेत्र के लिए गौरव करने का विषय है। मेवाड़ क्षेत्र के किसी संत को पहली बार महामंडलेश्वर बनाया जा रहा है। सनातन परंपरा में महामंडलेश्वर को शंकराचार्य के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद माना जाता है।

कटावला मठ चावंड उदयपुर के महंत स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज को महामंडलेश्वर बनाया जा रहा है। (26 जनवरी 2025) को महाकुंभ के एक भव्य समारोह में श्री मानव कल्याण आश्रम के महंत दुर्गेशानंद सरस्वती के कृपापात्र शिस्य स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज का पट्टाभिषेक किया जाएगा। महामंडलेश्वर का विशिष्ट सम्मानजनक पद विशेष आध्यात्मिक और धार्मिक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह सम्मान उन संतों को प्रदान किया जाता है, जो अपने आध्यात्मिक जीवन, सेवा और साधना में उच्चतम मानक स्थापित कर लेते हैं। महाराणा प्रताप की निर्वाण स्थली चावंड में लगभग 550 वर्ष पुराना जागनाथ महादेव मंदिर कटावला मठ है। अप्रैल 2021 में मानव कल्याण आश्रम के परमाध्यक्ष महंत स्वामी दुर्गेशानंद सरस्वती महाराज ने कटावला मठ के पीठाधीश्वर घनश्याम ब्रह्मचारी बाव जी को संन्यास दीक्षा देकर अपना शिष्य घोषित किया और उन्हें स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती के नाम से दीक्षित कर संन्यास परंपरा का अनुगामी बनाया था।संत घनश्याम बाव जी के नाम से प्रसिद्ध स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज का जन्म चाणोद, सुमेरपुर जिला पाली में हुआ। श्रीमाली ब्राह्मण कुल में जन्मे घनश्याम ब्रह्मचारी बाव जी की माता का नाम मां हुलासी देवी जी है। ननिहाल केलवाड़ा कुंभलगढ़ के संत घनश्याम ब्रह्मचारी बाव जी ने ब्रह्मचारी जीवन से सीधा संन्यास जीवन में प्रवेश लिया।

# 14 पुलिस थानों के 45 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध अफीम डोडा चूरा, गांजा, स्मेक व एमडी को पुलिस ने किया नष्ट

## करीब 83 क्विंटल मादक पदार्थ को जलाकर किया नष्ट

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिले के 14 पुलिस थानों में जब्तशुदा अवैध डोडाचूरा, गांजा, स्मेक व एमडीएमए को न्यायालय से भौतिक सत्यापन व निर्णय के बाद बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी की उपस्थिति में जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा थाना सदर निम्बाहेड़ा के वंडर सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा 82 क्विंटल 47 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा, गांजा, स्मेक व एमडीएमए को नष्ट किया गया ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि, जिले के 14 पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों की वजह से लबालब भरे पड़े थे, जिससे अन्य जब्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। माल निस्तारण और थाने को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कार्य प्रणाली शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर, रिकॉर्ड तैयार किया गया।

उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल व पुलिस निरीक्षक जोधाराम सहित संबंधित 14 थानों के थानाधिकारी एवं मालखाना प्रभारी व कार्यप्रणाली शाखा प्रभारी एएसआई गोविंद कुमार, मनोज कुमार एवं कार्यालय के कर्मचारियों आदि की उपस्थिति में आवश्यक रिकॉर्ड मिलान करने के बाद मादक पदार्थों का वजन किया गया तथा संबंधित मालों के वजन करने व नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो इसके लिए सम्पूर्ण कार्यवाही के समय फोटो ग्राफी व विडियो ग्राफी करवाई गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़, सदर चित्तौड़गढ़, कोतवाली निम्बाहेड़ा, सदर निम्बाहेड़ा, चंदेरिया, गंगरार, बिजयपुर, रावतभाटा, राशमी, भैंसरोड़गढ़, भदेसर, बस्सी, कपासन व मंडफिया के कुल 14 पुलिस थानों में दर्ज कुल 45 प्रकरणों में से 27 प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ 80 क्विंटल 10 किग्रा डोडा चूरा व 11 प्रकरण में दो क्विंटल 33 किग्रा 66 ग्राम गांजा, 6 प्रकरणों में 3 किलो 263 ग्राम स्मेक व एक प्रकरण में 49 ग्राम एमडीएमए को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी 44 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति चित्तौड़गढ़ द्वारा वंडर सीमेंट थाना सदर निम्बाहेड़ा के अधिकारियों यूनिट हैड नितिन जैन, सुरक्षा हेड नगेन्द्र सिंह चूंडावत, उप सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह राठौड़, एएफआर हैड अभिषेक नामदेव, एडमिन प्रभारी अखिलेश कुमार व पर्यावरण विभाग के सीनियर मैनेजर अमित भारद्वाज की उपस्थिति में शुक्रवार को सदर निम्बाहेड़ा के वंडर सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया।

# केकड़ी के रामगोपाल डांगा बने राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के अजमेर जिला अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन जिला शाखा अजमेर की एक बैठक अजमेर नगर निगम में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के संयोजक रिछपाल सिंह चौधरी, फेडरेशन के संरक्षक कमल किशोर शर्मा अजमेर व प्रदेश मंत्री रामप्रसाद चौधरी किशनगढ़ की देखरेख व मार्गनिदेशन में जिला शाखा की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

नवीन जिला कार्यकारिणी में नगर परिषद केकड़ी के रामगोपाल डांगा को अध्यक्ष, नगर निगम अजमेर के अयाज अहमद को उपाध्यक्ष, नगर पालिका सावर के विमल कुमार दाधीच को महामंत्री, नगर निगम अजमेर के राजेश बंजारा को संगठन मंत्री, नगर पालिका सरवाड़ के भागचन्द खटीक को प्रचार प्रसार मंत्री एवं नगर निगम अजमेर के सादिक हुसैन को संयुक्त सचिव बनाया गया। बैठक में अजमेर नगर निगम, नगर परिषद पुष्कर, नगर परिषद किशनगढ़, नगर परिषद केकड़ी, नगर पालिका सरवाड़, नगर पालिका सावर, नगर पालिका नसीराबाद व नगर पालिका टांटोटी के समस्त कार्मिक मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया के बाद अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन पत्र प्रदान किया तथा कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए।

# ब्यावर में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला कलेक्टर ने मतदान करने व करवाने की दिलाई शपथ




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के समस्त जिला अधिकारियों को शपथ दिलाकर मतदान अवश्य करने का आव्हान किया है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारियों एवं समस्त कार्मिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर सिग्नेचर कैंपेन हेतु मैसेज बोर्ड की स्थापना की गई, जिसमें मतदाता दिवस की थीम, लोगो एवं वोटर सर्विस पोर्टल आदि का संदेश प्रसारित किया गया जिस पर उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा सिग्नेचर कर अपनी मतदाता दिवस में सहभागिता दर्ज की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने मतदान के महत्व के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये और बताया कि 25 जनवरी भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस है, जिसे समारोहपूर्वक बनाकर राष्ट्र की भावी पीढ़ी को मतदान के महत्व एवं मतदाता प्रक्रिया पर आधारित भारतीय लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी से एक मतदाता के रूप में परिचय दिया गया। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था जिला चुनाव शाखा प्रभारी ध्रुव कुमार मित्तल की देखरेख में की गई।

# भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित नन्दवाना व नगर मंडल प्रतिनिधि पार्षद धनराज चौरसिया को मिली नई जिम्मेदारी

## युवाओं में खुशी की लहर, राहुल नागर देहात अध्यक्ष व बजरंग लाल मालव देहात प्रतिनिधि

बढ़ता राजस्थान




**अंता ( शफीक मंसूरी )।** जिला चुनाव अधिकारी भाजपा बारां पुष्पेन्द्र सिंह राणावत ने बताया की प्रदेश संघठन पर्व कमेटी के निर्णय अनुसार प्रदेश चुनाव अधिकारी संगठन पर्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी बारां के मंडल अधिकारी व मंडल प्रतिनिधि का सर्वसम्मत निर्वाचन के पश्चात घोषणा की गई जिसमें अंता मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना को नियुक्त किया गया वहीं अंता मंडल प्रतिनिधि के रूप में पार्षद धनराज चौरसिया को नियुक्त किया, इसी तरह अंता देहात मंडल अध्यक्ष राहुल नागर व देहात प्रतिनिधि बजरंग लाल मालव को नियुक्त किया गया है।

**युवा नेता रोहित नन्दवाना को मिली अंता नगर की कमानः** भाजपा के संगठनात्मक चुनाव को लेकर लंबे समय से मंडल अध्यक्ष व देहात अध्यक्ष पदों की नई नियुक्तियों को लेकर प्रक्रिया जारी थी। अध्यक्ष के चुनाव के लिए लगभग 19 लोगो ने आवेदन फार्म भरे थे। नए अध्यक्ष को लेकर कई नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी

रोहित नंदवानी की घोषणा ऊपर युवाओं में खुशी की लहर जमकर हुई आतिशबाजी रोहित नन्दवाना के नाम पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के नाम पर मोहर लग गई, रोहित को अंता नगर मंडल अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है, रोहित नन्दवाना भाजपा जिला मंत्री व नागरिक बैंक बारां के डायरेक्टर पदों पर काबिज है। युवा, मिलनसार रोहित नन्दवाना के नगर मंडल अध्यक्ष पर नियुक्त होने पर उनके कई शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

हालांकि युवा रोहित नन्दवाना के सामने चुनोतियाँ अपार होंगी लेकिन चुनोतियाँ से पार पाना ही असली पहचान होती है अब देखे रोहित नन्दवाना इसमे कितने खरे उतरते है। दूसरी ओर नगर मंडल प्रतिनिधी के रूप में पार्षद धनराज चौरसिया को नियुक्त किया गया है। पार्षद धनराज चौरसिया भी बेहद स्वच्छ छवि व आपसी सौहार्द्र के धनी है। ऐसे में नगर मंडल अध्यक्ष रोहित नन्दवाना व मंडल प्रतिनिधि धनराज चौरसिया की जोड़ी युवा व वरिष्ठ भाजपा नेताओं को साथ लेकर कितनी सफल होती है ये वक्त बताएगा , फिलहाल दोनों के समर्थकों में खासी खुशी दिखाई दे रही है दोनों की नियुक्ति पर अंता नगर वासियों ने आला कमान का भार व्यक्त किया ।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने मनाया कर्तव्यबोध दिवस, संगोष्ठी का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा केकड़ी द्वारा कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता काशीराम विजय थे, जबकि अध्यक्षता संघ के जिला संरक्षक बिरदीचन्द वैष्णव ने की। संगोष्ठी में संघ के संभाग संगठन मंत्री सुरेश चौहान, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा एवं अतिरिक्त जिला मंत्री संजय वैष्णव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष नवलकिशोर जांगिड़ और मंत्री भागचन्द लखारा भी मंचासीन थे। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने सुभाष चन्द्र बोस एवं संगठन के संस्थापक जयदेव पाठक के चित्र पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता काशीराम विजय ने कहा कि कर्तव्यबोध दिवस एक आत्मचिंतन का अवसर है। उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों से अपने कर्तव्य के प्रति सजग होने का आह्वान किया। जिला संरक्षक बिरदीचन्द वैष्णव ने कहा कि शिक्षकों को संगठन के ध्येय वाक्य 'राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज' का सदैव स्मरण रखना चाहिए। संभाग संगठन मंत्री सुरेश चौहान ने शिक्षकों से नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी के पंच प्रण को अपने जीवन में अपनाकर सामाजिक परिवर्तन हेतु अपने गुरुत्तर दायित्व निर्वहन का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष महेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के दौरान विश्वकप खो-खो में रैफरी चयनित हुए केकड़ी के शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण चौधरी का भी अभिनंदन किया गया। अन्त में नवलकिशोर जांगिड़ ने आभार व्यक्त किया। संचालन व्याख्याता हरिनारायण बीदा ने किया। संगोष्ठी में जिला महिला मंत्री प्रभा पंचोली, मंजू जीनगर, सोनू कुमावत, गोपाल लाल रेगर, भंवर सिंह राठौड़, रामबाबू सोनी, कैलाश जैन, ऋषिराज सोनी, कमलेश बसेर, सीमा शर्मा, सुनिता मूलचंदानी, मधु जैन, श्वेता शक्तावत, ऋचा काण्दलोत, सरोज, रामजस साहू, रामनिवास कुमावत एवं बनवारी लाल बैरवा सहित कई शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेशव्यापी आन्दोलन को लेकर 29 जनवरी को रहेगें गांव बंद

## किसान महापंचायत के पदाधिकारियो ने मानपुरा में ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** एमएसपी गारंटी कानून को लेकर किसान महापंचायत के प्रदेशव्यापी आव्हान पर 29 जनवरी को गांव बंद रखे जायेगें। शुक्रवार को किसानो की जनजागृति को लेकर मानपुरा गांव में किसानो की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला महामंत्री कजोड़मल धाकड़ एंव तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा ने बैठक में किसानो की समझाइस करते हुए बताया कि 29 जनवरी 2025 को 'राजस्थान में गांव बंद आंदोलन होगा' जिसका अभिप्राय गांव का व्यक्ति गांव में, गांव का उत्पादन गांव में रहेंगा । अभी तक किसानों को आन्दोलनों में लड़ाई के लिए कमाई छोड़ना अपरिहार्य रहता था। जबकि इस आंदोलन में व्यक्ति गांव में रहते हुए कमाई का काम कर सकेगा यानि लड़ाई एवं कमाई साथ साथ चल सकेगी। जिसमें राजस्थान के 45,537 गांवों को इस आन्दोलन में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया हैं । इस आंदोलन में गांव का व्यक्ति गांव में रहेगा, गांव का उत्पाद गांव में रहेगा। आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर बस, जीप, रेल या अन्य किसी भी यातायात साधन का उपयोग नहीं किया जावेगा ! यदि किसी को गांव का कोई उत्पाद खरीदना होगा तो उसे गांव में आकर खरीदने की सुविधा रहेगी इससे खरीदनें वालों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सकेंगा, वहीं खाद्य वस्तुओं में मिलावट के दुष्परिणामों से बचने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। गांव बंद' का प्रयोग ब्रह्मास्त्र के रूप में किया जावेगा! परिणामस्वरुप मौलभाव की शक्ति किसान के पास आ जावेगी और वह अपने उत्पाद का दाम स्वयं निर्धारण कर सकेगा। गांव बंद स्वेच्छा पर आधारित होगा। जिसमें सत्य, शांति एवं अहिंसा के व्रत की पालना अपरिहार्य होगी । इसमें टकराव की सम्भावना न्यूनतम होने से द्वेष की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी वरन आपसी प्रेम एवं सद्भाव के आधार पर जन समर्थन प्राप्त किया जा



सकेगा। इसकी सफलता के लिए प्रदेश भर में जन -जागरण किया चल रहा है । जिसका प्रमुख उदघोष खेत को पानी-फसल को दाम है । खेत को पानी के लिए सिंचाई परियोजनाऐं प्राथमिकता से बनाने तथा फसल को दाम के लिए खराबे की क्षतिपूर्ति के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी कानून यथाशीघ्र बनाने संबंधी विषयों की प्रमुखता रहेगी। इस दौरान प्रमुख किसान लक्ष्मी नारायण मीणा, पाचू चैपदार, मोखम बंजारा,दीपा बंजारा, रामसाई धाकड़,गंगाराम बंजारा, महावीर धाकड़, प्रभु धाकड, सोहन मीणा ,जगदीश धाकड़, कमलेश धाकड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ऐसे कार्यक्रम बच्चों का बढ़ाते हैं मनोबल : कृपलानी

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एचआरपीसी द्वारा उत्कृष्ट बालिकाओं का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन सेल (एचआरपीसी) के प्रदेश अध्यक्ष अशोक योगी के आदेशानुसार संभाग अध्यक्ष शिल्पा जैन के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यालय पर उत्कृष्ट बालिका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगठन के तहसील अध्यक्ष लीला सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीचंद कृपलानी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा प्रदेश महासचिव रेखारानी तिवारी थे। कार्यक्रम में निम्बाहेड़ा का नाम रोशन करने वाली उत्कृष्ट बालिकाओं जिनमें सोनाली कीर (वेटलिफ्टर), खुशी बोडाना (12 वीं टॉपर), तनिष्का पोरवाल (10 वीं टॉपर), कशिश कुमावत (योग), तनिष्का धोबी (फुटबॉल), रुचिका बैरवा (इंग्लिश डिबेट) आदि को संगठन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। विधायक कृपलानी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, साथ ही संगठन द्वारा किए गए सम्मान समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल बढ़ता है, आगे भविष्य में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहने की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, पूर्वी मण्डल उपाध्यक्ष लोकेश सुथार, पूर्वी मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष शैलेश अहीर, नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, शक्तिकेन्द्र संयोजक नरेंद्र प्रजापत, एचआरपीसी संगठन के महामंत्री विजया जोशी, लक्ष्मी कोठारी, हेमलता लड्ढा, सुमन चेचानी, वर्षा चपलोत, भगवती शर्मा, सीमा जैन, पिंकी बैरवा आदि उपस्थित है।

# ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत पीएम श्री विद्यालय बूंदी के विद्यार्थियों का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सीतापुरा का भ्रमण




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओल्ड हाडेंद्रा कॉलेज बूंदी के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा की विजिट हुई। प्रधानाचार्या श्रीमती शबाना गौरी ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा पहुंचने पर विजिट दल का प्रधानाचार्य एवं स्टाफ साथियों द्वारा स्वागत किया गया व स्कूल में होने वाली गतिविधियों से तथा स्कूल के वातावरण से अवगत कराया। इस अवसर पर सभी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जाना। सभी ने विद्यालय के मैन गेट व अन्य स्थानों पर लिखे गए नाम, कोटेशन व अन्य सौंदर्यकरण की सामग्री, विद्यालय की आधारभूत संरचना, प्रधानाचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास रूम, किचन गार्डन, विज्ञान संकाय की समस्त लैबें, पुस्तकालय, इंडोर-आउटडोर खेल का मैदान व खेल सामग्री, हाथ धोने का स्थान व शौचालय की साफ-सफाई, विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप किया। दक्षिणा फाउंडेशन के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में समस्त दल ने जानकारी प्राप्त की। पीएम श्री विद्यालय बूंदी के प्रधानाचार्या श्रीमती शबाना गौरी, व्याख्याता ओम प्रकाश वर्मा, सत्यनारायण चौधरी, रामसिंह मीणा, श्याम चन्द्र शर्मा, रमेश गुर्जर, रज़िया खातून, रवि गुप्ता तथा आसिफ हुसैन विजिट के दौरान मौजूद रहे।

# श्री नामदेव छीपा समाज के वार्षिक उत्सव के तहत 26 जनवरी रविवार से होंगे खेल कूद के आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** नामदेव छीपा समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत महोत्सव पर वार्षिक जयंती का आयोजन धूमधाम से करने में जुटे समाज के लोग, समाज प्रवक्ता महावीर टटवाल ने बताया कि 26 जनवरी रविवार को नामदेव छीपा समाज द्वारा कई प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नवल सागर पार्क में 12 बजे से किया जायेगा , जिसमें समाज की महिलाएं नन्हे बच्चों बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगे, इस मौके पर जलेबी दौड़ प्रतियोगिता, 100 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, तीन टांग दौड़ , व मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित होगी , इस अवसर पर पंचायत महिला अध्यक्ष किरण नामा ने बताया कि आने वाले बसंत महोत्सव 2 फरवरी को मनाया जाना है, जिसमें समस्त नामदेव छीपा समाज की महिलाएं एक ही वेशभूषा में नामदेव भवन कागजी देवरा एकत्रित होगी वही जिला अध्यक्ष संजय मारवाल ने बताया कि इस वार्षिक उत्सव में जिले के समस्त नामदेव समाज एकत्रित होकर भव्य आयोजन करेगा। वहीं पंचायत अध्यक्ष रामबाबू खींची ने बताया कि वार्षिक उत्सव 2 फरवरी को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें भव्य शोभा यात्रा नामदेव भवन कगदी देवरा से शुरू होकर उपरला बाजार होते हुए नाहर का चौहटा से सदर बाजार होते हुए चूड़ी बाजार से वापस नामदेव भवन पहुंचेगी, इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे व विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस अवसर पर जयंती संयोजक खेमचंद मारवाल ने बताया कि वार्षिक उत्सव पर शोभा यात्रा में ऊंट , घोड़े , बग्गी , बैंड के साथ नामदेव भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी । इस अवसर पर कई महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे ।

# बेहतर भविष्य और व्यापक जागरूकता के लिए शिक्षा मूलभूत जरूरत : कुश्ती संघ अध्यक्ष राजीव दत्ता

## बूंदी और रामगंज बालाजी विद्यालयों के वार्षिक उत्सव समारोह में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान कुश्ती संघ अध्यक्ष व लोकसभा अध्यक्ष ओएसडी राजीव दत्ता ने शुक्रवार को बूंदी के बालचंदपाडा क्षेत्र में स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल तथा रामगंजबालाजी स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग कोटा की संयुक्त निदेशक तेज कंवर, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, पूर्व सभापति महावीर मोदी, मन की बात संयोजक भरत शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। बालचंदपाडा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुश्ती संघ अध्यक्ष राजीव दत्ता ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा मूलभूत जरूरत तथा व्यापक जागरूकता का माध्यम है। वर्तमान युग में शिक्षा के व्यापक विकल्प और अवसर मौजूद हैं। देश की नींव मजबूत करने के लिए बच्चों को शिक्षा के उचित अवसर मिले और उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढाने में शिक्षा की महत्व ही भूमिका है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजना के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुविधाएं मुहैया करवाकर बच्चों की नींव को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बच्चे पढाई के साथ खेल को भी महत्व दें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सुविधाएं बढाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में टीन शेड निर्माण तथा 4 अतिरिक्त




कक्षा कक्ष बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक विद्यालय की आवश्यकताओं की जानकारी भिजवाएं, ताकि बच्चों को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान श्री दत्ता ने खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों व शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 108 होनहार विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज सिंह, लक्ष्मीकांत श्रृंगी, बद्री गोचर, सरपंच रामलाल सैनी, प्रधानाचार्य नवनीत जैन, मनीक्षा कुमारी, सरपंच रामलाल सैनी सहित जनप्रतिनिधि , गणमान्य नागरिक, आमजन व स्कूल विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा शर्मा ने किया।

# अज्ञात बीमारी की चपेट आने से 50 भैसे एंव गायो की हुई मौत

## बड़ी उग्गेन के ग्रांमीणजनो ने उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** उपखण्ड क्षेत्र के बाछोला पंचायत के बड़ी उग्गेन में भैसे एंव गाये अज्ञात रोग की चपेट में है। अब तक एक दर्जन पशुपालको की 50 से अधिक भैसे एंव गायो की मौत हो गई है। अज्ञात रोग से मवेशी मरने का क्रम जारी है। शुक्रवार को दो दर्जन करीब पशुपालक उपखण्ड कार्यालय पहुॅचे कर उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन किया इसके बाद उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि बड़ी उग्गेन में पशुपालक लड्डू की तीन भैस,मोजीराम की दो भैस,राजेन्द्र की 11 भैसे,रामसागर की तीन भैस,परशुराम की एक भैस, रेखा की एक,सीताराम की एक भैस,कमला की एक भैस,मिटूराम की तीन भैस,बाबूलाल की दो भैस,दुर्गालाल की एक भैस,आलाराम की एक भैस,सोनाथ की एक भैस,श्योजी की एक भैस,मुरली की एक भैस,लादु की एक भैस,आवरा 15 गायो की मौत हो चुकी है। किसानो ने रोग की चपेट में आने से हुई मवेशियो की मौत पशुचिकित्सा विभाग को भी दी जा चुकी है,लेकिन अभी तक पशुचिकित्सा प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ज्ञापन के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

# बालिका दिवस का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**निवाई( मनीष शर्मा )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि इस अवसर पर बालिकाओं ने बालिका शिक्षा,कन्या भ्रूण संरक्षण, बाल संरक्षण कानून विषय पर अपने विचार रखे तथा पोस्टर बनाए। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी पिंकी मीना,उपाचार्य मुकेश कुमार मीना,गुलाब चन्द वर्मा,मनोज पीपलीवाल, रामधन यादव आदि उपस्थित रहे।

# 45 दिनो के बाद मिला नैनवां को नया चैयरमैन

## भाजपा पार्षद सरिता नागर को सरकार ने किया नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कांग्रेस बोर्ड की चैयरमैन श्रीमती प्रेमबाई के निलंबन के 45दिन बाद नैनवां पालिका को भाजपा पार्षद सरिता नागर को चैयरमैन मनोनित किया है।

कांग्रेस बोर्ड की चैयरमैन प्रेमबाई पर पद का दुरूपयोग जॉच में पुष्ट होने के बाद स्वास्यत शासन विभाग द्वारा 11 दिसम्बर को निलंबित किया गया था। इसके बाद 09.01.2025 को पालिका के उपाध्यक्षप आबिद हुसैन को भी उपाध्यक्ष एवं सदस्य नगर पालिका नैनवां के पद से निलंबित किया गया था। और 11 दिसम्बर से नैनवां पालिका में चैयरमैन का पद रिक्त चल रहा था।

कुमार पाल गौतम आयुक्त एवं शासन सचिव द्वारा जारी किया गया आदेश में बताया कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50(1)(पअ) (क) के परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीमती सरिता नागर पार्षद वार्ड संख्या 18 को नगर पालिका नैनवा के अध्यक्ष पद का कार्यभार 60 दिवस या राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेश जो भी पूर्व हो तक के लिए ग्रहण करने हेतु अधिकृत किया जाता है। यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

सोशल मीडिया में जारी हुआ बधाईयो का दौर- लम्बे समय के बाद नैनवां पालिका को चैयरमैन के तौर पर सरिता नागर को मनोनित किया जाने की सुचना जैसे ही सोशल मीडिया में डली तो लोगो ने नये



चैयरमैन को बधाईया देने का सिलसिला शुरू हो गया।

# माय स्कूल, क्लीन स्कूल अभियान : अभिभावकों और स्थानीय लोगों के श्रमदान से निखरे स्कूल

## कलक्टर के निर्देश पर सभी स्कूलों में आयोजित हुआ एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में स्वच्छता के क्षेत्र में जिले में बड़े परिवर्तन देखने को मिले हैं। जिला प्रशासन ने जहां एक ओर सामूहिक स्वच्छता अभियान में 1 लाख 73 हजार लोगों के सहभागिता सुनिश्चित की है तो वहीं माय ऑफिस क्लीन ऑफिस से सरकारी कार्यालय की स्थिति में भी व्यापक सुधार हुआ है। इस बार जिला कलक्टर असावा ने स्कूलों की स्थिति सुधारने और बच्चों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से 'माय स्कूल, क्लीन स्कूल अभियान' का आयोजन किया है जो मिसाल बना है। जिले में शुक्रवार 24 जनवरी को माय स्कूल, क्लीन स्कूल अभियान का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जनसहभागिता के माध्यम से सभी विद्यालयों में स्वच्छता सुनिश्चित की गई। एक ही दिन में विद्यालयों की तस्वीर में व्यापक बदलाव देखने को मिला। स्कूल



में पड़ा पुराना कचरा एक दिन में हिसाब हो गया, लोगों की पहल से स्कूल निखर गए। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में अभिभावक, जनप्रतिनिधि, अध्यापक, स्थानीय निवासी, सफाईकर्मी, मनरेगा श्रमिक, समाजसेवी संस्थाएं और विद्यालय स्टाफ ने मिलकर श्रमदान किया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसरों की गहन सफाई की गई, जिसमें कक्षा-कक्ष, खेल मैदान और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ किया गया। अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण भी किया गया, जिससे विद्यालयों में स्वच्छ और सुंदर वातावरण का निर्माण हो सके। नगर निकायों और ग्राम पंचायतों ने सफाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं, जिससे कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सका। जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि श्रमदान में बच्चों को शामिल नहीं किया जाए, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान में आमजन की अधिकाधिक सहभागिता से जिले के सभी विद्यालयों में स्वच्छता और सुंदरता का नया मानदंड स्थापित हुआ है, जिससे बच्चों को बेहतर माहौल में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायतों और सभी सहभागियों की सराहना की जानी चाहिए, जिन्होंने मिलकर बच्चों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित किया।


# 29 जनवरी गांव बंद को लेकर किसान महापंचायत ने किया गांव गांव का दौरा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( मनीष शर्मा )।** ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान के नेतृत्व में कल 9 ग्राम पंचायतो का पहाड़ी खंडवा, सिरस, बस्सी, बहड ,जामडोली नोहटा ,झिलाई,ढाणी जुगलपुरा का दौरा का दौरा किया गया। किसान महापंचायत निवाई कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 29 जनवरी गांव बंद का दौरा किसान महा पंचायत का कल 9 ग्राम पंचायतो के गांवो का रहेगा जिसमें किसान महापंचायत ब्लॉक पदाधिकारी एवं किसान भाई भाग लेंगे एवं गांव-गांव दौरा करके किसानों को गांव का उत्पादन गांव में रखने एवं अपनी शक्ति पहचान के लिए जागृत करेंगे एवं गांव को पूरी तरह से बंद रखेंगे सत्य शांति और अहिंसा का पालन करते हुए अपने गांव को पूरी तरह से बंद रखेंगे एवं किसानो की एकता का परिचय देते हुए प्रशासन को यह अवगत कराएंगे की यदि किसान चाहे तो सब कुछ कर सकता है वह सब का पालन करने वाला है उसके पीछे ही सब कुछ है इसीलिए तो भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है इस दौर में संगठन मंत्री राधा कृष्ण मीना उपाध्यक्ष बद्री गुर्जर कमलेश जाट शंकर लाल मीणा कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी रामजीलाल मीणा सचिव गणेश नारायण मीणा राम प्रसाद बेरवा महासचिव गोविंद चौधरी बाबूलाल मीणा रामस्वरूप चौधरी खेमराज मीणा आदि गांव गांव का दौरा करेंगे।






# फिल्म दीवार के 50 साल हुए पूरे

## जावेद अख्तर ने शेयर किए किस्से, बोले- सिर्फ 18 दिन में मैंने और सलीम साहब ने स्क्रीनप्ले लिखा था

**पचास साल पहले 24 जनवरी, 1975 को 'दीवार' फिल्म रिलीज हुई थी, जो कल्ट फिल्म साबित हुई। अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, नीतू सिंह, परवीन बाबी, निरूपा राय स्टारर फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे। उनके लिखे डायलॉग्स 'आज मेरे पास बंगला है, प्रॉपर्टी है, गाड़ी है, बैंक बैलेंस है, तुम्हारे पास क्या है?', 'मेरे पास मां है।', 'मैं आज भी फेंके हुए पैसे नहीं उठाता।', 'मेरा बाप चोर है।' आज भी सिनेप्रेमियों को याद है।**

### स्क्रीनप्ले को मैंने और सलीम साहब ने मात्र 18 दिन में लिखा

आज भी मुझे याद है, सलीम साहब और मैंने जब 'दीवार' का आइडिया यश चोपड़ा को सुनाया था, तब वह कहने लगे कि यह तो कुछ 'मदर इंडिया' या 'गंगा जमुना' जैसा लग रहा है। मैंने कहा कि नहीं, जब स्क्रीन प्ले डेवलप होगा, तब उससे अलग कहानी होगी। बाकी ह्यूमन रिलेशनशिप तो वही होती है। मां, बेटे, भाई की कहानियां हमेशा से आ रही हैं। वे बोले- आप कहानी डेवलप करके लाइए। फिर यह स्क्रीन प्ले को मैंने और सलीम साहब ने मात्र 18 दिन में लिखा। इसका कोई दूसरा वर्जन नहीं है, यही पहला और आखिरी वर्जन था। हमने 18 दिन बाद जाकर सुनाया, तब वे लोग मान ही नहीं रहे थे कि यह स्क्रीन प्ले 18 दिन में लिखा गया है। बहुत से लोगों की यह राय हुई कि इनके पास पहले से लिखा हुआ था मगर इन्होंने पहले आइडिया सुनाया और अब 18 दिन बाद आकर पूरी कहानी सुना रहे हैं। लेकिन सच यह है कि यह स्क्रिप्ट मात्र 18 दिन में ही लिखी गई है। कहानी पसंद की गई, तब अगले 20 दिन में डायलॉग लिखकर 22वें दिन उनके हवाले कर दिया।

### किसी को खयाल नहीं था कि यह इतनी कामयाब फिल्म होगी

कभी-कभी हाथ जब सही पड़ता है, तब पड़ जाता है। यह पिक्चर कंप्लीट हुई, तब ऐसा नहीं था कि हर आदमी देखकर कह रहा था कि यह सुपरहिट है, ऐसा कुछ नहीं था। मैं उनका नाम लेकर शर्मिंदा नहीं करना चाहता, पर बहुत से लोगों ने कहा कि यह पिक्चर 15 वीक की है, क्योंकि इसमें कोई एंटरटेनमेंट नहीं है। दूसरा, इतना रोमांस नहीं है। फिर यह कमरे-कमरे में शूटिंग हुई है, जो घुटन-घुटन-सी है। कोई आउटडोर शूटिंग या बड़ा लोकेशन नहीं है। डायलॉग ही डायलॉग है, इसलिए 15 वीक चलेगी। किसी को खयाल नहीं था कि यह इतनी कामयाब फिल्म होगी। हां, हमें यकीन था। खैर, चली तो कल्ट फिल्म बन गई।

### कामयाबी का पूरा क्रेडिट हम लें, यह बात फेयर नहीं होगी

इसकी कामयाबी का पूरा क्रेडिट हम लें, यह बात फेयर नहीं होगी। इसमें एक्टर जबर्दस्त थे। अमिताभ बच्चन की जगह अगर कोई होता, तब यह बात नहीं आती, जो उनके होने से आई है। उस वक्त अमिताभ बच्चन उभरते हुए कलाकार थे। उन्होंने बेहतरीन काम किया और सारी चीजें सटीक बैठ गईं।

### हमारी मर्जी के खिलाफ उसमें एक कव्वाली डलवाई गई

हमारी शुरुआती स्क्रिप्ट में सिर्फ दो गाने थे- एक फर्स्ट हॉफ में और दूसरा सेकंड हॉफ में। लेकिन हमारी मर्जी के खिलाफ उसमें एक कव्वाली डलवाई गई। इसमें एकाध गाना और रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन उसे हमने रहने नहीं दिया। इस फिल्म का डायलॉग कैसेट भी खूब बिका था। उसका एक एलपी बना था। दरअसल, डायलॉग की एलपी बनने की बात हमारी इन्हीं फिल्मों के साथ शुरू हुआ। उसके बाद 'मुगल-ए-आजम' फिल्म का भी डायलॉग एलपी बनाया गया। 'शोले' का भी बना था। लेकिन यह ट्रेडिशन हमी लोगों से शुरू हुआ।

### पहली बार किसी फिल्म में बच्चे के हाथ पर डायलॉग लिखा गया था

पहली बार किसी फिल्म में बच्चे के हाथ पर डायलॉग लिखा गया था, लेकिन यह आइडिया कैसे आया, यह बता पाना मुश्किल है। उस समय यह आइडिया आया और हिट रहा। अब ऐसे आइडियाज जिन्हें आते हैं, वही लोग राइटर होते हैं। एक बच्चा जो ऐसे हालात देख रहा है, उसकी याद हमेशा बनी रहे, इससे खयाल आता है कि उसके हाथ पर कोई लिख देगा, तब उसे जिंदगी भर याद रहेगा।

### राजेश खन्ना की जगह अमिताभ बच्चन को चुना


गुलशन राय नामी प्रोड्यूसर और बहुत अच्छे आदमी थे। उनकी ऐसी पोजिशन थी कि बड़े-बड़े एक्टर साइन किए थे। वे किसी भी कह देते, तब वह काम करता। राजेश खन्ना भी उनके पास साइन थे। लेकिन हमने कहा कि यह रोल अमिताभ बच्चन से अच्छा कोई कर नहीं सकता। जबकि उन्हें लग रहा था कि राजेश खन्ना सुपर स्टार हैं, तब उसे ले लें। लेकिन हमने उनसे कहा कि ऐसा मत कीजिए। हो सकता है कि पिक्चर की वैल्यू ज्यादा हो जाए, मगर पिक्चर की क्वालिटी वह नहीं हो पाएगी। राजेश खन्ना एक रोमांटिक एक्टर हैं, वे गाना गाते हैं, रोमांस करते हैं, जबकि यह दूसरी तरह का रोल है। इसे अमिताभ बच्चन से बेहतर कोई कर ही नहीं पाएगा। बहरहाल, प्रोड्यूसर का शुक्रगुजार हूं कि आखिर में उन्होंने हमारी बात सुनी और अमिताभ बच्चन को लिया।

### अमिताभ बच्चन राय-सलाह लेते थे

'दीवार' और 'शोले' आगे-पीछे क्रमश: जनवरी, 1975 और अगस्त, 1975 में रिलीज हुई। उनकी शूटिंग भी एक साथ हो रही होगी, पता नहीं। हमारा तो उस वक्त अमिताभ बच्चन में इतना फेथ था कि उस वक्त हर पिक्चर में अमिताभ बच्चन होते थे। अमिताभ बच्चन राय-सलाह लेते थे, यह अलग बात है, मगर उन जैसे टैलेंटेड एक्टर हुए ही नहीं हैं। राइटर अक्सर शिकायत करते रहते हैं कि हमने तो ऐसा लिखा था, एक्टर ने ऐसे कैसे बोल दिया। इसमें तो वह बात ही नहीं आई। हमने अमिताभ बच्चन के साथ 13-14 फिल्में की हैं। हमें तो अमिताभ से एक लाइन में भी शिकायत नहीं है कि उन्होंने यह लाइन मेरी ठीक से नहीं बोली। वे बहुत परफेक्ट एक्टर हैं।

### हमें तो हाजी मस्तान का खयाल ही नहीं था

लोग कहते हैं कि हाजी मस्तान की लाइफ से डॉन का इंस्पिरेशन लिया गया, पर ऐसा कोई इंटेशन नहीं था। हम बैकग्राउंड एकदम इंटरेस्टिंग चाहते थे, जहां वह काम करता था। दुकान या फैक्ट्री में काम रहा है, उससे ज्यादा विजुअली अच्छा था कि पोर्ट पर काम रहा है। वह मजदूर है, सामान उठाता है। हमें तो हाजी मस्तान का खयाल ही नहीं था। अब इत्तेफाक था कि उनका भी बैकग्राउंड यही था कि एक जमाने में वे भी डॉक में काम करते थे। मगर यह हमारा इंटेशन नहीं था। हमने यह सोचकर नहीं लिया था।



### कहानी लिखते समय एक्टर्स को ध्यान में नहीं रखा था

कहानी लिखते समय कोई ध्यान में नहीं था, सिर्फ कहानी ही ध्यान में थी। कहानी लिखे जाने के बाद हमें लगा कि यह रोल अमिताभ बच्चन और यह रोल शशि कपूर के लिए ठीक है। शशि कपूर और यश चोपड़ा साहब के बड़े रिलेशन थे। हमने उनसे कहा, सो सिलेक्ट हो गए। लेकिन शशि कपूर को जब हम कास्ट कर रहे थे, तब बहुत लोग कह रहे थे कि यह एक्सेप्ट नहीं होंगे, क्योंकि अमिताभ बच्चन से शशि कपूर बहुत सीनियर एक्टर हैं। लोग कैसे मानेंगे कि यह छोटा भाई है। शशि कपूर उम्र में भी अमिताभ बच्चन से बड़े हैं। फिल्मों में भी सात-आठ साल पहले से थे। लेकिन शशि कपूर का इनोसेंस फेस था, यंग लग सकते थे, सो यंग लगे। उन्हें न सिर्फ ऑडियंस ने एक्सेप्ट किया, बल्कि खूब पसंद भी किया।

### अमिताभ बच्चन की मां के रोल के लिए हमने कई लोगों से बात की

फिल्म में अमिताभ बच्चन की मां के रोल के लिए हमने कई लोगों से बात की। पहली बार सुचित्रा सेन से कोलकाता मिलने गया था। उन्हें कहानी सुनाई। उन्हें कहानी पसंद आई। वे कहने लगीं- 'स्क्रिप्ट बहुत अच्छी है। लेकिन मैं इतने बड़े लोगों की मां का रोल नहीं करना चाहती।' फिर हमने कहा कि ठीक है। इस रोल के लिए वैजयंती माला जी से भी बात हुई थी, पर बात नहीं बनी, क्योंकि उनकी शादी हो चुकी थी और फिल्मों में काम नहीं कर रही थीं। उनके लिए यह फैसला लेना था कि वापस फिल्मों में काम करूं या न करूं। खैर, उन्होंने वापस फिल्मों में काम नहीं किया। बहरहाल, आखिर में मां के रोल के लिए निरूपा राय तैयार हुईं। उन्होंने बहुत बेहतरीन ढंग से यह रोल निभाया।

# मूवी रिव्यू : स्काई फोर्स : देशभक्ति, एक्शन और बलिदान का बेमिसाल संगम, भारतीय जांबाजों के शौर्य को सलाम करती फिल्म

अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' 1965 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में भारतीय वायु सेना की बहादुरी और बलिदान की रोमांचक कहानी पेश की गई है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वीर पहाड़िया, सारा अली खान, निम्रत कौर और शरद केलकर की अहम भूमिकाएं हैं। यह फिल्म कल यानि कि 24 जनवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटे 5 मिनट है। 5 में से 3.5 स्टार रेटिंग दी है।




### फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म की कहानी विंग कमांडर के.ओ. आहुजा (अक्षय कुमार) की है। वह एक ऐसे मिशन पर जाते हैं, जो भारत की हवाई ताकत को दुनिया के सामने साबित करता है। सरगोधा एयरबेस पर एक खतरनाक ऑपरेशन के दौरान विजय (वीर पहाड़िया ) लापता हो जाते हैं। यह फिल्म केवल एक युद्ध की गाथा नहीं है, बल्कि दोस्ती, जिम्मेदारी और बलिदान की भी कहानी है। हर मोड़ पर कहानी की नई परतें खोलती है, जो दर्शकों को भावुक कर देती है।

### स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है?

अक्षय कुमार ने विंग कमांडर के.ओ. आहुजा के किरदार को दमदार अंदाज में निभाया है। उनका प्रदर्शन न केवल साहस और दृढ़ता दिखाता है, बल्कि गहरी भावनाओं को भी खूबसूरती से पर्दे पर लाता है। इस फिल्म के जरिए वीर पहाड़िया डेब्यू कर रहे हैं। अपने किरदार में वो पूरी तरह से रम गए हैं। उनका शांत और प्रभावशाली एक्टिंग फिल्म को एक नई ऊंचाई पर ले जाता है। निम्रत कौर और सारा अली खान ने अपने किरदारों में संवेदनशीलता और गहराई डाली है। हालांकि, सारा की परफॉर्मेंस थोड़ी कमजोर लगती है और कुछ जगहों पर उनका अभिनय कहानी से मेल नहीं खाता।

### फिल्म का डायरेक्शन कैसा है?

इस फिल्म को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने डायरेक्ट की है। फिल्म को उन्होंने बेहद सटीक और प्रभावशाली तरीके से निर्देशित किया है। उनकी कहानी कहने की शैली ऐसी है कि दर्शक हर सीन से जुड़ाव महसूस करते हैं। फिल्म के हवाई लड़ाई के सीन शानदार और रोमांचक हैं। वीएफएक्स और एक्शन को इतनी बारीकी से डिजाइन किया गया है कि हर सीन असली लगता है। हालांकि, सेकेंड हाफ में फिल्म की गति थोड़ी धीमी हो जाती है, जो दर्शकों के धैर्य की परीक्षा लेती है।

### फिल्म का म्यूजिक कैसा है?

फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर बेहद दमदार है, जो हर एक्शन सीन और इमोशनल पल को और गहराई देता है। हालांकि, गानों की बात करें तो पहला गाना कहानी से कनेक्ट करता हुआ नहीं लगता, जिससे फिल्म की रफ्तार थोड़ी प्रभावित होती है।

### फाइनल वर्डिक्ट, देखे या नहीं?

यह फिल्म भारत के पहले हवाई हमले की गाथा को बड़े पर्दे पर पेश करती है और दर्शकों को गर्व से भर देती है। यह फिल्म न केवल युद्ध के मैदान की दास्तान है, बल्कि बलिदान, रिश्तों और भावनाओं की भी कहानी है। अगर आप एक्शन, देशभक्ति और इंसानी भावनाओं से भरी कहानी देखना चाहते हैं, तो 'स्काई फोर्स' आपके लिए परफेक्ट फिल्म है। गणतंत्र दिवस पर यह फिल्म जरूर देखें और भारतीय जांबाजों के शौर्य को सलाम करें।


# इतिहास की किताबों में सुधार की जरूरत

## अक्षय कुमार बोले- अकबर और औरंगजेब के बारे में पढ़ते हैं, लेकिन असली हीरो का जिक्र नहीं होता

अक्षय कुमार, जो हाल ही में कई बायोपिक्स का हिस्सा रहे हैं, ने अब इतिहास की किताबों को लेकर अपनी राय दी है। एक्टर ने कहा कि स्कूल की किताबों में कई नायकों की कहानियां नहीं मिलतीं, जो हमारे इतिहास का अहम हिस्सा हैं।

सीएनएन-न्यूज18 से बात करते हुए अक्षय ने कहा, इतिहास की किताबों में कई बातें नहीं होतीं। मैं जानबूझकर ऐसे रोल करता हूं जो हमारी किताबों में नहीं होते। मुझे यही करना है। ये सब अनजाने नायक हैं। लोग इनके बारे में कुछ नहीं जानते क्योंकि कोई इनकी गहराई में नहीं जाता। मैं ऐसे ही रोल करने के लिए प्रेरित होता हूं।

उन्होंने आगे कहा, कई चीजें ठीक करने की जरूरत है। हम अकबर या औरंगजेब के बारे में पढ़ते हैं, लेकिन अपने असली हीरो के बारे में नहीं पढ़ते। उनका जिक्र होना चाहिए। हमारी आर्मी की कई कहानियां हैं। बहुत से लोगों को परमवीर चक्र मिला है। मुझे लगता है कि इतिहास को ठीक करने की जरूरत है और ऐसे नेताओं को हमारी पीढ़ी के सामने लाना चाहिए। अक्षय कुमार की फिल्मों में कई बायोपिक्स शामिल हैं। फिल्म पैडमैन से बायोपिक की शुरुआत करने के बाद, उन्होंने गोल्ड, केसरी, सम्राट पृथ्वीराज, मिशन रानीगंज और सरफिरा जैसी फिल्मों में अहम किरदार निभाए हैं। आज यानी कि 24 जनवरी को उनकी नई फिल्म स्काई फोर्स भी रिलीज हो रही है, जो एक सच्ची घटना पर आधारित है।



बता दें, फिल्म स्काई फोर्स 1965 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। इस फिल्म में भारतीय वायु सेना की बहादुरी और बलिदान की रोमांचक कहानी पेश की गई है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वीर पहाड़िया, सारा अली खान, निम्रत कौर और शरद केलकर की अहम भूमिकाएं हैं।

अक्षय की कुछ बायोपिक्स को ऑडियंस ने खूब पसंद किया है, वहीं कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप भी रही हैं। फिर भी, अक्षय ऐसे किरदार निभाना पसंद करते हैं और कहते हैं कि इन बायोपिक्स के जरिए वह ऑडियंस तक अनकही कहानियां पहुंचाना चाहते हैं, ताकि असली हीरो लोगों के बीच पहचान पा सकें।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

### शाह ने मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान सहकारी संस्थाओं की समृद्धि, सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और हर व्यक्ति को सहकारिता से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे : शाह




बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। अमित शाह ने राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार और सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने भारत में सहकारिता वर्ष मनाने के लिए 12 माह का एक कार्यक्रम तय किया है, जिसका आज उद्घाटन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता वर्ष इस तरह से मनाया जायेगा जिससे देशभर में सहकारिता अनेक कदम आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। शाह ने कहा कि 31 दिसंबर 2025 को जब सहकारिता वर्ष समाप्त होगा, तब तक हमारी सहकारिता का विकास सिमेट्रिक और समावेशी होगा और हम सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को काफी हद तक प्राप्त कर चुके होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के भारत को दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में सहकारिता क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान होगा। सहकारिता क्षेत्र, सामाजिक समरसता, समानता और समावेशिता के सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ेगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज यहां सहकारी बैंकों के अंब्रेला संगठन, राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम का वर्चुअल उद्घाटन हुआ है। यह संगठन अर्बन कोऑपरेटिव सेक्टर को मल्टीडायमेंशनल फायदा पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे सभी शेड्यूल्ड कोऑपरेटिव बैंक अगले 3 साल में राष्ट्रीय बैंकों और निजी बैंकों द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं से युक्त हो जाएंगे जिनसे हमारी सेवाओं का विस्तार होगा। इसके साथ-साथ संसाधनों का बेहतर उपयोग, बैंकिंग प्रक्रिया में सुधार और सभी कोऑपरेटिव बैंकों के अकाउंटिंग सिस्टम को एक करना इसका लक्ष्य रहेगा। शाह ने कहा कि भारत में कुल 1465 शहरी सहकारी बैंक हैं, जिनमें से लगभग आधे गुजरात और महाराष्ट्र में हैं, देश में 49 शेड्यूल्ड बैंक हैं और 8 लाख 25 हज़ार से अधिक सहकारी संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पूरे देश में Cooperation Amongst Cooperatives को लागू किया जाएगा। डिजिटल बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन और विदेश के साथ व्यापार जैसी गतिविधियों को अर्बन कोआपरेटिव बैंक के साथ समाहित करने का काम 'अंब्रेला संगठन' करेगा। कोऑपरेटिव संस्थाओं का सारा लेनदेन और वित्तीय व्यवहार कोऑपरेटिव बैंकों के माध्यम से ही होगा। शाह ने कहा कि Cooperation Amongst Cooperatives के सिद्धांत को देश के सभी राज्यों में ज़मीन पर उतरने से हमें बहुत बड़ी सफलता हासिल होगी और तभी सहकारिता क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनेगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के कई सारे मुद्दे भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ सुलझाए हैं। आने वाले दिनों में अंब्रेला संगठन को मज़बूत कर हम विश्वास और व्यापार को बढ़ाएंगे और सभी अड़चनों को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि नए बायलॉज़ से बनी 10 हज़ार बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज शुरू हो रहा है, जो एक नई शुरूआत है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश की हर पंचायत में एक पैक्स की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

## बीजेपी-सरकार में गुर्जर कैबिनेट मंत्री नहीं होने का मुद्दा गरमाया

### हर सरकार में गुर्जर समाज से कैबिनेट मंत्री रहे, इस बार केवल एक राज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी सरकार में गुर्जर कैबिनेट मंत्री नहीं होने के मुद्दे पर सियासत तेज हो गई है। बीजेपी नेता विजय बैंसला ने गुर्जर समाज के कार्यक्रम में समाज का एक भी कैबिनेट मंत्री नहीं होने का बयान देकर विधानसभा के बजट सत्र से पहले नई सियासी बहस छेड़ दी है। सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक हलकों तक इस पर बहस शुरू हो गई है। भजनलाल सरकार में गुर्जर समाज से छह विधायक हैं। केवल एक मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म हैं, जो राज्य मंत्री हैं। वहीं, पिछली कांग्रेस और बीजेपी सरकारों में गुर्जर समाज से कैबिनेट मंत्री रहे हैं, इसे लेकर तुलना शुरू हो गई है। अशोक गहलोत सरकार के दौरान सचिन पायलट पहले डिप्टी सीएम और अशोक चांदना स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री थे। पायलट को जुलाई 2020 में बर्खास्त करने के बाद नवंबर 2021 में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में शकुंतला रावत को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। गहलोत सरकार के दूसरे कार्यकाल में डॉ जितेंद्र सिंह कैबिनेट मंत्री थे।

वहीं, वसुंधरा सरकार के पहले कार्यकाल में कालूलाल गुर्जर कैबिनेट मंत्री थे। दूसरे कार्यकाल में सरकार में हेम सिंह भडाना कैबिनेट मंत्री थे, जबकि कालूलाल गुर्जर सरकारी मुख्य सचेतक थे। हेमसिंह भडाना को पहले राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया था। बाद में उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद पर प्रमोट किया था।

## अनंत सिंह 14 दिनों के लिए जेल भेजे गए: पुलिस रेड से पहले बाढ़ कोर्ट में किया सरेंडर

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** मोकामा शूटआउट मामले में पूर्व विधायक अनंत सिंह को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है। पूर्व विधायक के वकील रजनीश कुमार ने बताया कि जमानत की अर्जी दी गई थी लेकिन उसपर सुनवाई अभी लंबित है। शुक्रवार दोपहर 1.20 बजे बाहुबली ने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट के बाहर बाहुबली के समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। मोकामा गोलीबारी में पुलिस ने अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। इसमें अनंत सिंह पर पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की करने, गाली गलौज करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। अनंत सिंह के साथ ही गैंगस्टर सोनू को भी बाढ़ कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सोनू के फुलवारी जेल भेज दिया है। सुबह ही पुलिस अनंत सिंह के घर लदमा गांव में रेड मारने की तैयारी कर चुकी थी। बाढ़ में कई थानों की पुलिस पहुंची थीं। पटना से भी फोर्स गांव में भेजी गई थी।

## राजौरी में रहस्यमयी मौतों की वजह सामने आई : केंद्रीय मंत्री बोले- कोई बीमारी नहीं जहरीले पदार्थ की वजह से गईं 17 जानें

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 17 लोगों की रहस्यमयी मौत का कारण सामने आ गया है। कठुआ में एक कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह कोई बीमारी नहीं है। शुरुआती जांच में पता चला है कि किसी जहरीले पदार्थ की वजह से मौतें हुई हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ में जहर की जांच चल रही है। सैंपल्स में किसी भी तरह के इंफेक्शन, वायरस या बैक्टीरिया के सबूत नहीं मिले हैं।

# पूर्व विधायक बलजीत यादव पर इडी की छापेमारी: जयपुर सहित 10 ठिकानों पर रेड

### करोड़ों के घोटाले का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व विधायक बलजीत यादव के ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है। पूर्व विधायक यादव की फर्म पर सरकारी स्कूलों में घटिया सामान की आपूर्ति का आरोप है।

ईडी सूत्रों के मुताबिक यादव के जयपुर में 8 ठिकानों के साथ दौसा व अलवर स्थित एक-एक ठिकाने पर टीमें पहुंची हैं। रेड की कार्रवाई पीएमएलए कानून के तहत हो रही है।

#### बलजीत यादव के करीबी के घर पहुंची टीम

ईडी की एक टीम 2 टैक्सी गाड़ियों में सिंकदरा थाना क्षेत्र के छोकरवाड़ा गांव में सीताराम के मकान पर भी पहुंची। दोनों गाड़ियों में 6 अधिकारी और 5 पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने आते ही जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सीताराम पूर्व विधायक बलजीत यादव के करीबी रहे हैं।



#### 3.72 करोड़ के घोटाले का आरोप

विधायक व उनसे जुड़े कुछ लोगों पर आरोप है कि इनकी कुछ कंपनियों ने सरकारी स्कूल के अंदर विधायक कोष से सामान की आपूर्ति में 3.72 करोड़ रुपए का घोटाला किया।

विधायक कोष को दुरुपयोग कर नियमानुसार जो अनुमति लेनी थी, वह परमिशन नहीं ली गई। इसके साथ ही टेंडर देने वाली फर्मों ने फेक डॉक्यूमेंट का यूज किया।

#### ढाई गुना ज्यादा में की खरीद

साल-2022-23 में बहरोड़ क्षेत्र में बलजीत यादव व उसके सहयोगियों की कंपनियों ने विधायक कोष में क्रिकेट-बैडमिंटन किट की खरीद की थी। आरोप है कि विधायक फंड में हेरफेर कर 2.50 गुना अधिक में खरीद कर सरकार को नुकसान पहुंचाया गया।

इसमें कुल 32 स्कूलों को सामान दिया गया था। प्रत्येक स्कूल के लिए 9 लाख का खेल सामान खरीद किया था। दावा किया गया कि क्रिकेट के बैट खरीदे गए उसकी कीमत भी 15,600 तक बताई गई थी।

## भाजपा गंदी पार्टी, मुझे झूठे केस में जेल भेजा : केजरीवाल

### गलत वोट दिया तो सभी योजनाएं बंद हो जाएगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा वाले इतने गंदे लोग हैं, इन्होंने दिल्ली वासियों को तंग करने के लिए सीवर में सीमेंट के कट्टे डाल दिए। भाजपा वालों ने मुझे झूठे केस में जेल भेज दिया। वो मुझे गंदी-गंदी गालियां देते हैं। भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन कहीं भी 24 घंटे बिजली नहीं आती। दिल्ली देश में एकमात्र राज्य है, जहां 24 घंटे बिजली आती है। अगर चुनाव में गलत बटन दब गया तो दिल्ली में बिजली गुल हो जाएगी। ये बाते केजरीवाल ने उत्तम नगर में आयोजित चुनावी सभा में कही।

केजरीवाल ने कहा- अगर भाजपा को वोट दिया तो दिल्ली में सरकारी स्कूल खराब हो जाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएंगे। भाजपा वाले महिलाओं के फ्री बस यात्रा के खिलाफ हैं, वो इसे बंद कर देंगे। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग, 8 को नतीजे

दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

## हाईकोर्ट बोला-हम दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र नहीं बुला सकते: सीएजी रिपोर्ट रखने के लिए भाजपा ने अपील की थी, शराब नीति से घाटे का जिक्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा विधायकों की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें दिल्ली विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा, संविधान के तहत सीएजी की रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य है, लेकिन अदालतें विधानसभा की बैठक बुलाने के लिए हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं।

बेंच ने कहा- कोर्ट भाजपा विधायकों की याचिका स्वीकार करने का इच्छुक नहीं है। स्पीकर को सदन बुलाने का निर्देश नहीं दे सकते। हालांकि, अदालत ने कहा कि कैग रिपोर्ट पेश करने में दिल्ली सरकार ने बहुत ज्यादा देरी की। बीजेपी ने याचिका में दावा किया था कि आप सरकार ने स्पीकर को सीएजी रिपोर्ट भेजने में देरी की थी। इससे पहले 16 जनवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला आज के लिए सुरक्षित रखा था।



#### हाईकोर्ट ने दिल्ली सीएम से कहा था- सरकार की ईमानदारी पर संदेह

भाजपा के 7 विधायकों ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए कहा था कि सीएजी ने 14 मामलों रिपोर्ट तैयार की है, लेकिन इसे आप सरकार ने सदन में पेश नहीं किया। इस पर चर्चा होनी चाहिए। 13 जनवरी को हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए आतिशी सरकार को फटकार लगते हुए कहा था कि सीएजी रिपोर्ट पर जिस तरह से दिल्ली सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे इनकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है। इस पर आतिशी सरकार ने कोर्ट में कहा था- विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने वाला है, इसलिए रिपोर्ट सदन में लाने का फायदा नहीं है।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) दिल्ली में बैठक जारी। शुक्रवार सुबह 11 बजे बैठक शुरू होने के बाद हंगामा होने लगा। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। समिति आज कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुन रही है। मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों में बहस हो गई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली-संजय को हरी झंडी दिखाई

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 जनवरी, 2025 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली से संजय - युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली (बीएसएस) को हरी झंडी दिखाई। संजय एक स्वचालित प्रणाली है जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र सेंसर से जानकारी को एकीकृत करती है, उनकी सत्यता की पुष्टि करने के लिए उन्हें संसाधित करती है, दोहराव को रोकती है और उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। यह युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता को बढ़ाएगा और एक केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव करेगा जो कमांड और सेना मुख्यालय और भारतीय सेना निर्णय प्रणाली को जानकारी प्रदान करेगा।

बीएसएस अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह लंबी भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करेगा और खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। यह कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों तरह के ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगा। इसका समावेश भारतीय सेना में डेटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी। संजय को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा स्वदेशी रूप से और संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह भारतीय सेना के प्रौद्योगिकी समावेश वर्ष के अनुसरण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक अनुकूल पारिस्थितिकी प्रणाली बना रहा है। मार्च से अक्टूबर 2025 तक तीन चरणों में इन प्रणालियों को भारतीय सेना के सभी परिचालन ब्रिगेड, डिवीजनों और कोर में शामिल किया जाएगा, जिसे रक्षा मंत्रालय में सुधारों का वर्ष घोषित किया गया है।

2,402 करोड़ रुपये की लागत से इस प्रणाली को खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत विकसित किया गया है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन तथा रक्षा मंत्रालय और बीईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )